

वाराणसी संसदीय सीट से लगातार तीसरी बार नामांकन करने शहर में पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 132 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। इसलिए संगति अच्छे लोगों से करें।- भगवत गीता"

## मन की बात



"बहुत सी कमियों के बाद भी हम खुद से प्रेम करते हैं, तो दूसरों में एक कमी से कैसे घृणा कर सकते हैं। -विवेकानंद"

# रोड शो: मोदीमय हुआ काशी

● वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में टूटी मजहब की दीवार, मुस्लिम महिलाओं ने की पुष्पवर्षा

**भगवामय**

▶▶ मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों से गूंजा आसमान, रोड शो में दिखा लघु भारत का नजारा



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** वाराणसी संसदीय सीट से लगातार तीसरी बार नामांकन करने शहर में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार शाम को मेगा रोडशो किया। भगवामय शहर में भाजपा की ओर से आयोजित रोडशो में शामिल होने के लिए सड़कों और गलियों से जनसैलाब उमड़ पड़ा। बीएचयू के सिंह द्वार लंका पर स्थित महामना मदन मोहन मालवीय के विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रधानमंत्री मोदी ने रोड शो की शुरूआत की। रोड शो में शामिल प्रधानमंत्री ने भगवा रंग का कुर्ता और सफेद रंग की सदरी पहन रखी थी। रोडशो के रथ पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भी उत्साह से लोगों का अभिवादन कर रहे थे। लंका से प्रधानमंत्री का रथ लाखों के हुजूम के बीच आगे बढ़ा तो लोगों ने शाही अंदाज में विजेता नायक की तरह प्रधानमंत्री का शंखध्वनि, पुष्पवर्षा के बीच भव्य स्वागत किया। रोड शो में प्रधानमंत्री मोदी के प्रति लोगों की दीवानगी एक बार देखने को मिली। हर-हर महादेव, मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों से आसमान गुंजायमान रहा। प्रधानमंत्री लोगों का अभिवादन हाथ जोड़ कर विनम्रता से स्वीकार करते रहे। यह देख भाजपा कार्यकर्ता ढोल नगाड़े बजाकर गगनभेदी मोदी-मोदी, नारेबाजी के बीच गुलाब की पंखुड़ियां प्रधानमंत्री पर बरसाते रहे। पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं और नागरिकों का उत्साह देखकर प्रधानमंत्री का काफिला भी धीरे-धीरे आगे बढ़ता रहा। बीएचयू प्रवेश द्वार से ही प्रधानमंत्री के रोड-शो में 500 युवा और 500 मातृशक्ति आगे-आगे चल रहीं थीं। बीएचयू सिंह द्वार से रविदास गेट, अस्सी, शिवाला, मदनपुरा, गोदौलिया होते विश्वनाथ धाम के प्रवेश द्वार संख्या-चार पर पहुंच कर प्रधानमंत्री ने रोड शो का समापन किया।

### भीड़ सभालने में पुलिस अफसरों को छूटा पसीना

**प्रधानमंत्री** मोदी के स्वागत के लिए 11 बीट के अन्तर्गत 100 स्वागत प्वाइंट बनाए गए। स्वागत प्वाइंट पर मराठी, गुजराती, बंगाली, माहेश्वरी, मारवाड़ी, तमिल, पंजाबी आदि समाज के लोग अपनी परंपरागत वेशभूषा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पुष्पवर्षा कर स्वागत के लिए डटे रहे। इस दौरान विकास भी, विरासत भी, हमार काशी-हमार मोदी के पोस्टर भी लोग उत्साह से लहराते दिखे। प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उमड़ी स्वतः स्फूर्त भीड़ के उत्साह के आगे व्यवस्था छोटी पड़ गई। प्रधानमंत्री का काफिला लंका से अस्सी की ओर बढ़ा तो भीड़ को संभालने में पुलिस अफसरों और जवानों के पसीने छूट गए।

### रोड शो में लघु भारत-उत्तर प्रदेश की संस्कृति की झलक दिखी



**05 किलोमीटर** के दायरे में हुए मेगा रोड शो में लघु भारत और उत्तर प्रदेश की संस्कृति की झलक दिखी। पूरे रास्ते शंखनाद, डमरुओं की निनाद और मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री का स्वागत लोग करते रहे। इसमें बच्चे और युवतियां भी पीछे नहीं रहीं। संकरी सड़क के दोनों छोर पर स्थित मकानों के बारजे और छत से महिलाएं प्रधानमंत्री के उपर पुष्पवर्षा करती रहीं। लोगों का अपनापन देख प्रधानमंत्री आह्लादित दिखे। रोड शो में ढोल-नगाड़े की थाप पर जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकगीत गाते बनारस के कलाकार व वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए बटुक भी अभिनंदन के लिए डटे रहे। वीवी सुंदरम शास्त्री के नेतृत्व में सोनारपुरा, पांडेय हवेली मार्ग पर महिलाओं ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। मार्ग में वेदमंत्रों के साथ दक्षिण भारत के शहनाई के रूप में शुमार नादश सरम तो बंगाली समाज की धुनकी और ढाक वाद्ययंत्र भी गूंजता रहा। डांडिया और गरबा की भी झलक दिखी। भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के परिवार के सदस्यों ने मदनपुरा के पास शहनाई वादन से अलग माहौल बनाया।

### रोड शो में यूपी की सरकार-संगठन को बराबर अहमियत

**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में नामांकन के पूर्व मेगारोड शो के दौरान सरकार और संगठन को अहमियत दी। यह देख भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। प्रधानमंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को अपने साथ रख आम लोगों के साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी बड़ा संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने रोड शो में बिना एक शब्द बोले काशी के नागरिकों के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं से सीधे जुड़ाव दिखाया। बीएचयू के सिंह द्वार से सोनारपुरा तक रोड शो में प्रधानमंत्री के साथ रथ पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे। तो सोनारपुरा में प्रधानमंत्री ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को भी रथ पर जगह दी। रोड शो में काशी-तमिल संगमम समिति, काशी-तेलुगु समिति और कर्नाटक संघ के भाजपा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रधानमंत्री का दिल जीत लिया। रोड शो में जुटी भीड़ ने लोकसभा चुनाव में क्या परिणाम आएगा, इसका भी साफ संकेत दे दिया।

# गलती से राजद-कांग्रेस को बटन दबा दिया तो वोट बेकार: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**हाजीपुर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार कहा कि रामविलास पासवान सामाजिक न्याय के सच्चे साधक थे और हाजीपुर के प्रति उनका लगाव और समर्पण हमेशा याद रहेगा। हाजीपुर के लिए उनके सपनों को पूरा करने के लिए हम सब संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि विकसित बिहार एवं भारत बनाने के लिए आपको 20 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान कर रामविलास के पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर चिराग पासवान को आप लोग जिताएं।

**'मैं चिराग के लिए नहीं आया...'** उन्होंने कहा कि रामविलास से ज्यादा वोट से जब चिराग पासवान को आप जिताएंगे तो यही रामविलास की आत्मा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मोदी ने कहा कि मैं चिराग के लिए इसलिए नहीं आया कि जिताना है बल्कि वह तो हाजीपुर की जनता के आशीर्वाद से जीतने वाला ही है। मैं यहां आया हूं रामविलास का कर्ज चुकाने।

**'मैं पब्लिक के बीच आमतौर पर बोलता नहीं हूं, जब चिराग...'** पीएम मोदी ये भी कहा कि चिराग के प्रति मेरा प्यार इसलिए है मैं पब्लिक के बीच आमतौर पर बोलता नहीं हूं, चिराग जब पहली बार पार्लियामेंट गए तो मैं इतना ही जानता था रामविलास जी के बेटे हैं। चिराग पासवान ने पार्लियामेंट में काफी सीखने और समझने का प्रयास शुरू से किया है। चिराग इस बिहार के सच्चे प्रतिनिधि हैं, इसलिए आप जब चिराग को वोट देंगे वह सीधा-सीधा मोदी के खाते में जाएगा।

### आपका वोट मोदी की मजबूत सरकार बनाएगा

सभी मतदाता ज्यादा से ज्यादा वोटिंग करें। चुनाव एक महापर्व होता है। आपका एक-एक वोट लोकतंत्र का गहना बन जाता है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि 04 जून बहुत दूर नहीं है। उन्होंने कहा कि एनडीए को दिया हुआ आपका वोट केंद्र में मोदी की मजबूत सरकार बनाएगा। राजद-कांग्रेस का अगर किसी ने गलती से बटन दबा दिया तो उसका वोट बेकार जाना तय है। बिहार के लोग समझदार हैं वह बेकार जाने वाली चीज कभी नहीं करते हैं। मजबूत सरकार बनाने के लिए अपना वोट दीजिए।

# 56 इंच के सीने में बहस स्वीकार करने का साहस नहीं: जयराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राहुल गांधी के साथ बहस का निमंत्रण स्वीकार करने की अभी तक हिम्मत नहीं जुटा सके हैं। 56 इंच का सीना सार्वजनिक बहस का निमंत्रण स्वीकार करने का साहस नहीं जुटा पाया है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मदन बी लोकुर, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अजीत पी शाह और एन राम ने पिछले सप्ताह कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर लोकसभा चुनाव के प्रमुख मुद्दों पर बहस के लिए एक मंच पर आमंत्रित किया था। राहुल गांधी ने शनिवार को पीएम मोदी के साथ बहस का निमंत्रण स्वीकार कर लिया और यह भी कहा कि देश को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इसमें भाग लेंगे।

**'पीएम के साक्षात्कार सुनियोजित':** जयराम ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री से बहस का निमंत्रण स्वीकार करते हुए राहुल गांधी द्वारा पत्र लिखे एक दिन बीत चुका है। तथाकथित 56 इंच के सीने ने अभी तक निमंत्रण स्वीकार करने की हिम्मत नहीं जुटाई।

# वीर सावरकर का कांग्रेस ने अपमान किया:शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** लोकसभा चुनाव जारी हैं। चौथे चरण के लिए मतदान हो रहे हैं। तीन चरणों के मतदान अभी भी बाकी है। दिल्ली में सत्ता काबिज करने के लिए सभी दल एक दूसरे पर जमकर आरोप लगा रहे हैं। एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाराष्ट्र पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने न सिर्फ मुद्दे का समाधान किया बल्कि राम मंदिर के निर्माण में भी मदद की। राहुल गांधी को भी मंदिर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन राहुल गांधी नहीं गए क्योंकि उन्हें अपना वोट बैंक खोने का डर था। भाजपा को ऐसा कोई डर नहीं है।

**वीर सावरकर का कांग्रेस ने अपमान किया:** महाराष्ट्र के धुले में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने दावा किया कि कांग्रेस ने सिर्फ तुष्टिकरण के लिए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 भी नहीं हटाया था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का भी विरोध किया। उन्होंने कांग्रेस के रूख पर उद्धव ठाकरे की राय जानने की कोशिश की।

**विपक्ष को घेरा**

▶▶ राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का भी विरोध किया

# भाजपा नेताओं की हेट स्पीच के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं खासकर भाजपा नेताओं की ओर से हेट स्पीच के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता के वकील संजय हेगड़े ने सोमवार को जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की, जिसके बाद जस्टिस खन्ना ने कहा कि आप मेल करिए हम देखते हैं। याचिका पूर्व आईएएस अधिकारी ईएएस सरमा और आईआईएम के पूर्व डीन त्रिलोचन शास्त्री ने दायर की है। भाजपा नेताओं की ओर से हेट स्पीच के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित

**सफलता**

▶▶ सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 93.60 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: केंद्रीय माध्यमिक** शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 93.60 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। सीबीएसई की ओर से जारी बयान के मुताबिक दसवीं कक्षा में छात्राओं का रिजल्ट छात्रों से बेहतर रहा है। परीक्षा में 93.60 फीसदी छात्र और 94.75 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण हुई है। छात्रों की तुलना में 2.04 फीसदी अधिक छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इन सभी छात्रों का रिजल्ट सीबीएसई बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया है। सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम साल 2023 के मुकाबले 0.48 फीसदी बेहतर रहा है। पिछले साल 10वीं बोर्ड का पास प्रतिशत 93.12 फीसदी रहा था, जो इस साल बढ़कर 93.60 फीसदी रहा है। इस साल सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में 39 लाख छात्रों ने भाग लिया है।

# सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राज्यसभा सदस्य स्वाति** मालीवाल ने पुलिस से शिकायत की है कि दिल्ली मुख्यमंत्री आवास में उनके साथ मारपीट हुई है। पुलिस ने मामले की पुष्टि की है। उत्तरी दिल्ली पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार मीणा ने बताया कि सुबह 9:34 बजे सिविल लाइंस पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें एक महिला ने कहा कि उसके साथ मुख्यमंत्री आवास में मारपीट की गई है। कुछ देर बाद सांसद मैडम (स्वाति मालीवाल) थाना सिविल लाइंस आईं, लेकिन बाद में शिकायत देने की बात कहकर चली गईं। दिल्ली पुलिस ने रोजनामचा में स्वाति मालीवाल की शिकायत दर्ज की है, मैं अभी सीएम के घर पर हूं। उन्होंने अपने पीए वैभव कुमार से मुझे बुरी तरह पिटवाया है।

# पीओके भारत का हिस्सा है और रहेगा: जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दुनिया के सबसे** बड़े लोकतांत्रिक महोत्सव की शुरूआत हो गई है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए मतदान हो गया इस बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और यूके के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता पर बात की। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का रुख स्पष्ट है। एक दिन हम पीओके के अवैध कब्जे को खत्म करके और इसे वापस भारत में मिला देंगे। विदेश मंत्री ने मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम अपनी मुद्रा यानी भारतीय रुपये में व्यापार करने पर जोर दे रहे हैं।'

**अगले कार्यकाल में अगर सब कुछ ठीक रहा तो...**भाजपा नेता जयशंकर ने कहा, 'भारत और ब्रिटेन वर्तमान में एक मुक्त व्यापार समझौते पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और उम्मीद है कि दोनों पक्ष ऐसी सहमति पर पहुंचेंगे जो दोनों के लिए काम करेगी। हमें विश्वास है कि हम इसे आगे ले जाने की कोशिश करेंगे। हम निश्चित रूप से इसे आगे ले जाने के बारे में बहुत गंभीर हैं। मेरी उम्मीद है कि अगले कार्यकाल में अगर सब कुछ ठीक रहा तो यह हमारी व्यापार प्राथमिकताओं में से एक होगा।'

**पीओके पर बोले विदेश मंत्री:** मोदी सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए जयशंकर ने कहा, 'मोदी सरकार का रुख स्पष्ट है। वहीं संसद का प्रस्ताव भी है कि पीओके भारत का हिस्सा है, यह हमेशा भारत का हिस्सा था और यह भारत का हिस्सा होगा। हमारा लक्ष्य है कि एक दिन हम पीओके को कब्जे से मुक्त करा लेंगे और इसे वापस भारत में मिला देंगे।'

**स्पष्ट**

▶▶ मोदी सरकार का रुख स्पष्ट है। एक दिन हम पीओके के अवैध कब्जे को खत्म करके और इसे भारत में मिला देंगे

# कनाडा से कुछ नहीं मिला, जिसकी जांच हो: जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में कनाडा की तरफ से की गई चौथी गिरफ्तारी पर केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत को इस मामले में कनाडा की तरफ से अभी तक कुछ ऐसा नहीं मिला, जिसपर एजेंसी जांच कर सके। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि अगर कनाडा के पास इस मामले को लेकर किसी भी हिंसा से संबंधित जानकारी है तो भारत इसकी जांच के लिए तैयार है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा, "हमें कनाडा की तरफ से कभी भी ऐसा कुछ नहीं मिला, जो हमारी एजेंसियों द्वारा जांचने के योग्य हो। पिछले कुछ दिनों में इस मामले में हुए बदलाव को लेकर मेरे पास जानकारी नहीं है।"

**झटका** सोरेन ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत का हवाला देते हुए लोकसभा चुनाव में खुद के लिए भी जमानत मांगी थी

# सुप्रीम कोर्ट से हेमंत सोरेन को राहत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन शोधन घोटाले के मामले में ईडी की गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। दरअसल, सोरेन ने हाल ही में कोर्ट में याचिका दायर कर केजरीवाल की अंतरिम जमानत का हवाला देते हुए लोकसभा चुनाव में खुद के लिए भी जमानत मांगी थी। हालांकि, कोर्ट ने इस मामले में ईडी को जवाब दायर करने के लिए और समय दिया। बता दें, सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देनी वाली याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से 17 मई तक जवाब मांगा है।



**अरविंद केजरीवाल जैसा मामला:** न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शुरू में मामले की सुनवाई 20 मई को सूचीबद्ध की थी लेकिन वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि तब तक चुनाव खत्म हो जाएगा और अगर मामले में लंबी तारीख दी गई तो वह (सोरेन) पक्षपात का शिकार होंगे, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई 17 मई के लिए निर्धारित कर दी। सिब्बल ने सोरेन का पक्ष रखते हुए पीठ को बताया, 'उनका मामला भी अरविंद केजरीवाल के आदेश के हूबहू है और उन्हें भी प्रचार अभियान के लिए जमानत की जरूरत है।" पीठ ने कहा कि इस सप्ताह बहुत ज्यादा काम है और बहुत से मामले सूचीबद्ध हैं। शीर्ष अदालत ने तारीख 20 मई से बदलने पर अनिच्छा जताई लेकिन सोरेन की ओर से पेश हुए सिब्बल और वरिष्ठ अधिवक्ता अरुणाभ चौधरी के अनुरोध पर सुनवाई की तारीख को बदलकर 17 मई कर दिया गया। पीठ ने कहा, 'हमें नहीं पता कि मामले पर सुनवाई हो पायेगी या नहीं लेकिन फिर भी हम इसे 17 मई के लिए सूचीबद्ध कर रहे हैं।'

**जवाब तलब**

▶▶ सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देनी वाली याचिका पर ईडी से 17 मई तक जवाब मांगा है

# मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने तीन नक्सलियों को किया ढेर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** महाराष्ट्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया। घटना महाराष्ट्र के गढ़चिरौली की है। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि नक्सलियों के पेरीमिली दलम के कुछ सदस्य विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भामरागढ़ तालुका के कटरांगट्टा गांव के पास जंगल में डेरा डाले हुए हैं।

**अंधाधुंध गोलीबारी का कमांडो ने दिया मुंहतोड़ जवाब:** जानकारी मिलने के बाद, गढ़चिरौली पुलिस की एक विशेष लड़ाकू शाखा सी-60 कमांडो की दो इकाइयों को तुरंत इलाके की तलाशी के लिए भेजा गया। टीमें तलाशी अभियान चला रही थीं, तभी नक्सलियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। सी-60 कमांडो ने उनका कड़ा जवाब दिया। बाद में वहां से एक पुरुष और दो महिला नक्सलियों के शव बरामद किए गए।



**शव बरामद**

▶▶ सी-60 कमांडो ने उनका कड़ा जवाब दिया। एक पुरुष और दो महिला नक्सलियों के शव बरामद किए गए

# सुक्खू की फिल्म अभी बाकी, 2027 में आएगा पार्ट-टू: सीएम

## हम ब्रीफ केस वाले नहीं, जनबल वाले: मुख्यमंत्री, विनोद सुल्तानपुरी के नामांकन में शामिल हुए सीएम

**चमन शर्मा**

**शिमला: शिमला** संसदीय सीट से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने आज शिमला में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद चौड़ा मैदान में एक विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भाजपा और दागियों पर ताबड़तोड़ हमले किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के छह दागी नेता धनबल से बिक गए और पार्टी के खिलाफ बगावत की। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि बजट 2024-25 प्रस्तुत करने के बाद सभी दागी नेता सरकार की प्रशंसा कर रहे थे, लेकिन जब भरे हुए अटैची नजर आए तो राजनीतिक मंडी में बिक गए और दूसरी किश्त पाने के लिए पंचकूला भाग गए। उन्होंने कहा कि हम अटैची वाले नहीं हैं, बल्कि जनबल वाले हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सरकार या मुख्यमंत्री पद को बचाने की नहीं है, बल्कि जन भावनाओं की खरीद-फ रोख्त करने वालों को सबक सीखने की है। भाजपा नेताओं ने धनबल के माध्यम से सरकार गिराने का षड्यंत्र रचा था और यह चुनाव भविष्य की राजनीति को तय करेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता इन चुनावों में भाजपा को हराकर पूरे देश के सामने एक उदाहरण पेश कर खरीद-फ रोख्त की राजनीति को करारा जवाब देगी। भाजपा ने राज्यसभा की एक सीट को चुराया है, लेकिन प्रदेश की जनता लोकसभा की चारों सीटें कांग्रेस को देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुक्खू सरकार की फि ल्म अभी साढ़े तीन साल और चलेगी। इसके बाद वर्ष 2027 में इसका पार्ट-टू भी आएगा। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर ने



विधानसभा में खड़े होकर भगवान को चुनौती दी और कहा कि इस सरकार को भगवान भी नहीं बचा सकता। लेकिन लोकतंत्र में जनता ही भगवान होती है और जनता ने ही इस सरकार को बचाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश की संस्कृति को कलंकित करने का गुनाह किया है, जिसकी सजा उसे मिलकर रहेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार नशा माफि या, भू-माफि या और खनन माफि या के विरुद्ध लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बिना किसी राजनीतिक लाभ के मंशा के सरकारी कर्मचारियों को पहली ही कैबिनेट बैठक में पुरानी पेंशन दी, ताकि वह स्वाभिमान के साथ अपना बुढ़ापा जी सकें। जबकि जयराम ठाकुर ने पुरानी पेंशन माँगने पर कर्मचारियों को विधायक का चुनाव लड? की चुनौती दी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने पिछले साल आई आपदा को एक युद्ध के रुप में लड़ा, लेकिन जयराम ठाकुर बार-बार विधानसभा सत्र बुलाने की मांग करते रहे। तीन दिन तक चर्चा के बावजूद भाजपा के विधायकों ने हिमाचल प्रदेश को विशेष आर्थिक पैकेज प्रदान करने के प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया और आपदा प्रभावित 22 हजार परिवारों के साथ खड़े नहीं हुए। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए अपने सीमित संसाधनों से 4500 करोड़ रुपए का विशेष राहत पैकेज दिया। उन्होंने कहा कि मैंने तो सिर पर ईंटे ढोई हैं, इसलिए आम आदमी के दर्द को बेहतर ढंग से समझता हूँ। उन्होंने कहा कि अकेले शिमला जिला में आपदा प्रभावितों को 62 करोड़ रुपए दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जब आपदा आई तो सेब का सीजन चरम पर था और राज्य सरकार ने रिकॉर्ड समय में सडकें खुलवाईं तथा सेब को समय पर मंडियों तक पहुँचाया गया। एक भी बागवान को नुकसान नहीं उठाना पड़ा। सेब बागबानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को 10.50 रुपए से बढ़ाकर 12 रुपए किया। किलो के हिसाब से सेब की बिक्री सुनिश्चित की और आने वाले सेब सीजन से यूनिवर्सल कार्टून सिस्टम लागू करने जा रहे हैं। सेब बागबानों के लिए एमआईएस में 60 करोड़ तुरंत प्रभाव से रिलीज किए गए। यह संवेदनशील सरकार की किसानों एवं बागवानों के प्रति संवेदनशीलता का उदाहरण है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि बीजेपी के सांसद सुरेश कश्यप ने आपदा पर संसद में एक भी सवाल नहीं पूछा। उन्होंने न ही प्रधानमंत्री और न ही गृह मंत्री को इस बारे में कोई चिि लिखी। संसद की कार्यवाही में भी शामिल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि विनोद सुल्तानपुरी जमीन से जुड़े नेता हैं। शिमला संसदीय सीट के मतदाता उन्हें वोट दें और वह जनसेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद कर वर्तमान राज्य सरकार ने पंद्रह महीने में 2200 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व कमाया। इस राजस्व से विधवाओं और एकल नारी के बच्चों की शिक्षा का राज्य सरकार उठा रही है और उन्हें घर बनाने के लिए तीन लाख रुपए की मदद दे रहे हैं।

# सीएम सुक्खू, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह समेत अन्य नेताओं की मौजूदगी में भरा नामांकन

**चमन शर्मा**

**शिमला :** शिमला लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुलतानपुरी ने अपना नामांकन भरा है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष एवं अर्की से विधायक संजय अवस्थी, कैबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान, अनिरुद्ध सिंह, ठियोग से विधायक कुलदीप राठौर समेत कई नेता मौजूद थे। नामांकन भरने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए सीएम सुखविंदर सिंह ने कहा कि पार्टी के सभी चारों प्रत्याशियों ने नामांकन भरा है। अब जनता की अदालत में जाने का समय है। यह चुनाव लोकतंत्र के भविष्य और देश की राजनीति की दिशा देने का चुनाव है। उन्होंने



भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि जिस भाजपा ने जनता की भावनाओं का सौदा किया है उसी की करतूत से एक बार फि र 6 विधानसभा सीटों पर जनता की अदालत में जाना पड़ रहा है और फि र उन्हें इस बात मूंह की खानी पड़ेगी। जो विधायक जनता द्वारा दिए गए समर्थन का मान-सम्मान नहीं रख सके उन्होंने लोगों का सम्मान नोटों में बेच दिया। सीएम सुक्खू ने कहा कि भाजपा को प्रदेश की जनता ने वोट के रास्ते से बाहर किया है उसी भाजपा ने नोट से सरकार को गिराने का प्रयास किया। लेकिन वे इस षड्यंत्र में कामयाब नहीं हुए अब कांग्रेस एक बार फि र 15 माह के कार्यकाल को जनता की अदालत में लेकर जा रही है और पूरी उम्मीद है कि जनता कांग्रेस को अपना समर्थन देगी। सीएम सुक्खू ने नेता प्रतिपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि वे पहले अपने मैथ ठीक कर आंकड़ों का सही जोड़-घटाव करना सीखे। वे नहीं जानते हैं कि विधानसभा में अभी 62 सदस्य मौजूद जिसमें अभी भी 34 सदस्य कांग्रेस के हैं इसलिए बहुमत का आंकड़ा कांग्रेस के पास है।

# मैगल गौसदन मामले में व्यक्तिगत हस्ताक्षेप कर करे जांच : हरमीत

**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी:** हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे मैगल स्थित गौसदन के वीडियो पर संज्ञान लेते हुए विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में सोमवार को मैगल पंचायत के ग्रामिणों का एक प्रतिनिधिमंडल मंडल उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन से मिला और और. पूरे मामले में हस्ताक्षेप करके उचित कार्यवाही की मांग की। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह गौ सेवा सह प्रमुख हरमीत सिंह बिट्टू ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से तेजी से सोशल मीडिया पर मैगल स्थित गौसदन का वीडियो वायरल हो रहा हैं, जिसमें गौ सदन में रखें गौ वंश की दयनीय हालत को दिखाया गया हैं। वीडियो में गौ वंश के साथ क्रूरता एरखरखाव में लापरवाही सामने आ रही हैं।उन्होंने पूरे मामले में चिंता जाहिर की हैं ।हरमीत सिंह बिट्टू ने कहा कि गौ सदन में संचालन समिति में ऐसी भी हस्तियां हैं जिन्हें पशु क्रूरता को रोकने के लिए राष्ट्रपति अवार्ड से भी नवाजा गया हैं परन्तु जो वीडियो सामने आया हैं वह हर किसी को झकझोर देने वाला हैं। उन्होंने पूरे मामले में उपायुक्त अपूर्व देवगन से व्यक्तिगत हस्ताक्षेप कर मामले की जांच की मांग की हैं।

# मोदी के रूप में भारत को मिला सक्षम नेतृत्व :राजीव

**चमन शर्मा**

**शिमला:** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने बयान देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास की लड़ाई लड़ रहे हैं। जबकि कांग्रेस के नेता देश के पुनर्विभाजन की लड़ाई लड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के अंदर कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के रूप में ऐसी पार्टियों से समझौता किया है जो लगातार देश विरोधी गतिविधियों के अंदर संलिप्त हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता पाकिस्तान परस्ती के बयान देते हुए दिखाई देते हैं। कांग्रेस के नेता और इनके साथ जुड़ी हुई जो पार्टी के लोग कह रहे हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम हैं और पाकिस्तान से दोस्ती कर लो और ये लोग लगातार पाकिस्तान के नाम पर डराते और धमकाते हुए दिखाई दे रहें हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी को पाकिस्तान से बार-बार जीत का आशीर्वाद आता है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य निश्चित रूप से भारत को शक्तिशाली ताकतवर राष्ट्र बनाना और यदि दुश्मन आंख उठा करके देखता है तो उसके घर में घुसकर मारने की तैयारी करना रहा हैं। उन्हांने कहा कि पिछले 10 साल के अंदर आंतरिक सुरक्षा के अंदर भारी परिवर्तन आया है। जगह-जगह बम ब्लास्ट होते थे, लोगों के मारे जाने की घटनाएं आती थी, सुरंगों के बिछाए जाने की घटना आती थी परंतु सब के अंदर मोदी सरकार आने के बाद अप्रत्याशित रूप से इन घटनाओं को विराम मिला हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं



**देश विरोधी**

**ऐसी पार्टियों से समझौता किया है जो लगातार देश विरोधी गतिविधियों के अंदर संलिप्त हैं**

पूरे देश के अंदर समाप्ति की ओर अग्रसर दिखाई देती है और इसी प्रकार पाकिस्तान दुनिया में जाकर के भारत के प्रति दुष्प्रचार करता था। आज उसकी बोलती बंद इसलिए है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को ताकतवर बनाया है। पहले हम दुनिया से अस्त्र-शस्त्र खरीदा करते थे, आज हम अस्त्र-शस्त्र बेचने वाले दुनिया के एक महत्वपूर्ण देश के रूप में विकसित हुए हैं।

उन्हांने कहा कि अब तो चीन के साथ हमारा सीधा-सीधा मुकाबला होने वाला है और यह सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण हुआ हैं। देश और प्रदेश की जनता भारत की सुरक्षा को सर्वोपरि मानती है।

# विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जुलाई से 3 अगस्त तक

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: सर्वोच्च** न्यायालय,दिल्ली में 29 जुलाई से 3 अगस्त, 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी के सचिव विवेक कायस्थ ने दी। उन्होंने बताया कि इस विशेष लोक अदालत में हिमाचल प्रदेश से संबंधित लंबित मामलों की सुनवाई व उनका निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का केस सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है और वह उसका निपटारा इस विशेष लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहता है तो

**विशेष**

**इस विशेष लोक अदालत में हिमाचल प्रदेश से संबंधित लंबित मामलों की सुनवाई**

वह अपने वकील के माध्यम से विशेष लोक अदालत में लगवा सकता है।उन्होंने बताया कि लोग इस विशेष लोक अदालत से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।

# सीएसडी कैंटीन का बदलाव करना ठीक नहीं: शेर सिंह

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** सीएसडी कैंटीन को विजय पैलेस से बस अड्डा के पास ले जाने का पूर्व सैनिक लीग विरोध करेगी। मंडी में पूर्व सैनिक सदर लीग की बैठक को संबोधित करते हुए लीग के अध्यक्ष सूबेदार शेर सिंह ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि विजय पैलेस में अपनी सात बीघा जमीन है तथा यहां से सीएसडी कैंटीन बस अड्डा ले जाना पूर्व सैनिकों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि यही नहीं ईसीएच जो मंडी के वृंदावन में है, उसे भी विजय पैलेस में ही लाया जाए। विजय पैलेस में सैनिक वेलफेयर



कार्यालय, सीएसडी कैंटीन,रेस्ट हाउस और पार्किंग की व्यवस्था है। इस जमीन का सदुपयोग होना चाहिए। इस मामले को लेकर सदर लीग विधायक अनिल शर्मा से भी मिली और उनसे कैंटीन को बस अड्डा ना ले जाने की मांग की व ज्ञापन भी सौंपा। विधायक ने आश्वासन दिया है कि 4 जून के बाद इस मामले को वह डायरेक्टर सैनिक कल्याण से उठाएंगे और सीएसडी कैंटीन विजय पैलेस में ही चले इसकी व्यवस्था की जाएगी।

# पांवटा में अवैध खनन करते पकड़े जेसीबी व ट्रैक्टर, वसूला जुर्माना

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में वन विभाग की टीम ने अवैध खनन करते जेसीबी व ट्रैक्टर पकड़े है। वन विभाग की टीम ने मौके पर जेसीबी व ट्रैक्टर का चालान कर 52,770 रुपए जुमार्ना वसूला। जानकारी के मुताबिक, वन विभाग को सूचना मिली कि पांवटा साहिब के धुतनपुर खड्ड में अवैध खनन हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम देर रात को धुतनपुर खड्ड में पहुंची। वहां पाया कि जेसीबी से ट्रैक्टर में बजरी भरी जा रही थी। टीम ने अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जेसीबी व ट्रैक्टर का चालान कर चालकों से हजारों रुपए का जुमार्ना वसूल लिया है। वन विभाग पांवटा साहिब के डीएफ ओ ऐश्वर्य राज ने मामले की पुष्टि की है।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नान्डी और स्यांज में दिलाई मतदान की शपथ

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में मा भी पाणा वोट थीम के तहत नाचन विधानसभा की स्वीप टीम ने आज 7 जून 2024 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नान्डी और स्यांज में जाकर मतदान तथा इसके महत्व की बात समझाई। एसडीएम गोहर ने बच्चों, अध्यापकों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। एसडीएम ने बच्चों को अपने अभियान का ब्रांड एम्बेसडर बताया। उन्होंने बच्चो को बोला कि 1 जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव वाले दिन बच्चे इस दिन अपने घरवालों और अन्य लोगों को साथ लेकर के अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर भरपूर



मतदान करने को प्रेरित करें तथा नाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग करें।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट बांटे गए। नान्डी स्कूल के पेंटिंग में दीपिका और प्रमिला, नारा लेखन में पुष्पलता और रोहित, भाषण में कुलदीप और अमृता क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। स्यांज स्कूल के पेंटिंग प्रतियोगिता में कृतिका और यामिनी ठाकुर, नारा लेखन में जया सोनी और दिव्या, भाषण में हतेशा वर्मा और डिम्पल कुमारी क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। उन्हें एसडीएम गोहर द्वारा सर्टिफि केट वितरित किए गए। इस अवसर पर स्वीप टीम सदस्य पवनजीत कश्यप, हेमराज, सुरेश, नान्डी स्कूल के प्रधानाचार्य कमलदेव, स्यांज स्कूल के प्रधानाचार्य यशपाल, एसएमसी प्रधान जीवानंद, बीएलओ राजकुमार और केवल कृष्ण, ईएलसी इंचार्ज नरेश कुमार, स्टाफ सदस्य, एसएमसी सदस्य, स्थानीय लोग और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता रैली निकालकर आम जन को वोट के महत्व के बारे में किया गया जागरूक

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैल ब्लॉक नादौन जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश में एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली को संस्थान की उप प्रधानाचार्य मीना शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रबना किया यह रैली स्कूल के प्रांगण से शुरू होकर रेल बाजार से होते हुए



स्कूल के प्रांगण में ही खत्म हो गई रैली में बच्चों द्वारा वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है बूढ़े हो या जवान सभी करें मतदान आदि नारे लगाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। यह जानकारी देते हुए संस्थान की उप प्रधानाचार्य मीना शर्मा ने छात्र छात्राओ को जागरुक करते हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार है और हमें अपने मत का प्रयोग करना चाहिए उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर आम जन को वोट करने के लिए प्रेरित किया गया उन्होंने कहा की रैली मतदान प्रतिशतता बढ़ाने में सहयोग करेगी।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सुरजीत सिंह ने बताया की रैली के माध्यम से लोगों में जागरुकता आएगी और लोग मतदान के लिए बढ़-करकर भाग लेंगे कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में एक पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया पोस्टर पेंटिंग में प्रथम शगुन द्वितीय काम्या और तृतीय प्रतिज्ञा तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में रोशनी प्रथम पलक द्वितीय और कृति पटियाल तृतीय स्थान पर रहे। जिन्हें विभाग की ओर से पुरस्कृत भी किया गया

# सतौन मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा में एक की मौत, चार गंभीर

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** प्रदेश में सडक हादसे लगातार सामने आ रहे है। वहीं सतौन के कांटी मशवा सडक पर कार के गहरी खाई में गिरने से एक युवक की मौत हो गई जबकि चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पांवटा साहिब से पांच युवक पांवटा साहिब से कार में सवार होकर घूमने के लिए कांटी मशवा गये थे, तथा वापिस आते समय कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। गाड़ी के गहरी खाई में गिरने की सूचना मिलते ही स्थानीय युवा

**रेफर किया**

**वहीं हालत गंभीर होने के कारण अन्य चार लोगों को हायर सेंटर रेफर किया गया है**

मौके पर पहुंचे तथा पांचों घायलों को कड़ी मशक्कत से गहरी खाई से बाहर निकलकर 108 एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्रदीप कुमार (28) पुत्र फुल सिंह निवासी अमरगढ़ को मृत घोषित कर



दिया। चार अन्य घायल चार युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में मैडिकल कॉलेज नाहन के लिए रैफ र किया गया। घायलों की पहचान अनीश एवं मनीष जोकि दोनों सगे भाई थे सौरव एवं अजय के रूप में हुई है पांचो युवक पौंटा साहिब के रहने वाले थे। उधर, सिविल अस्पताल पांवटा साहिब में

आपातकालीन ड्यूटी में तैनात डॉक्टर प्रियंका परमार के साथ बड़ा हादसा होने के कारण इमरजेंसी में मेडिकल स्टाफ में डॉ पीयूष तिवारी, डॉ अंकुर धीमान डॉ अनिशा मौजूद थे। घटना की पुष्टि

करते हुए डॉक्टर पीयूष तिवारी ने बताया कि दर्दनाक सडक हादसे में पांच लोग घायल हुए थे। जिसमें एक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं हालत गंभीर होने के कारण अन्य चार लोगों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश में शत-प्रतिशत मतदान का लिया संकल्प

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश का 4 दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया जोकि सिरमौर के पांवटा साहिब में संपन्न हुआ। प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने बयान जारी करते हुए कहा की इस अभ्यास वर्ग में हिमाचल के कोने-कोने से छात्र नेता पोंटा साहिब इस वर्ग के लिए पहुंचे थे। इस वर्ग में छात्रों को अपने अपने परिसर में विद्यार्थी परिषद की सक्रियता को एक अच्छी ऊर्जा के साथ बढ़ाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें विभिन्न सत्रों के माध्यम से बताया



गया की विद्यार्थी परिषद किन सिद्धांतो पर काम करती है और विद्यार्थी परिषद की कार्यपद्धति कैसी है। लेकिन विद्यार्थी परिषद का स्वरूप बदला है। जहां 60 लोगो के साथ विद्यार्थी परिषद का पहला अभ्यास वर्ग हुआ था। वहीं आज हजारों की संख्या में अलग-अलग प्रदेशों में विद्यार्थी परिषद के प्रदेश अभ्यास वर्ग हो रहे हैं। वैसे ही हिमाचल प्रदेश में भी प्रदेश का अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ।

# घागस स्थित वृद्धाश्रम में धूमधाम से मनाया श्रीश्री रविशंकर जी का जन्मदिन

**बिलासपुर**

**बिलासपुरः** जिला मुख्यालय पर आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और संचालक गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बिलासपुर आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने सुबह 5 बजे बिलासपुर नगर में प्रभात फेरी का आयोजन किया तथा श्रीश्री द्वारा रचित भजनों को गाते हुए माहौल को भक्तिमय बना दिया। उसके उपरांत में मार्केट स्थित आश्रम में सुदर्शन क्रिया करवाई गई और दिन में आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने बिलासपुर जिले के घागस स्थित वृद्ध आश्रम अपना घर में रह रहे बुजुर्गों के साथ इस दिन को बिताया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की जिला टीचर कोऑर्डिनेटर रचना मेहता ने उन बुजुर्गों से बात करके न केवल उनके दुख दर्द को जाना बल्कि उन्हें ओम उच्चारण तथा पंचकोश ध्यान की प्रक्रिया भी समझाई और उन्हें ध्यान भी करवाया। इस तरह के आयोजन से अपना घर के सभी सदस्य बहुत प्रसन्न रहे और उन्होंने आग्रह किया कि आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा इस तरह का कार्यक्रम हर महीने अपना घर में किया जाना चाहिए। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग सदस्यों की ओर से कुछ धनराशि भी आश्रम को भेंट की गई। इस अवसर पर इस आश्रम के संस्थापक और संचालक एडवोकेट प्रकाश चंद बंसल ने बताया कि उन्हें यह प्रेरणा निराश्रित और उपेक्षित बुजुर्गों को देखकर मिली थी और 2020 में उन्होंने इसका शुभारंभ किया था। उन्होंने बताया कि इस समय इस आश्रम में 18 बुजुर्ग रह रहे हैं तथा एक महिला बुजुर्ग का एम्स में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि जन सहयोग से ही इस आश्रम का संचालन किया जा रहा है जबकि अधिकतम व्यय वह अपनी जेब से करते हैं। उन्होंने आर्ट ऑफ लिविंग परिवार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस तरह से उन्होंने इन बुजुर्गों को ध्यान और प्राणायाम की विधि सिखाई है। वह उनके लिए काफी उपयोगी साबित होगी।

उन्होंने दानी सज्जनों से भी आग्रह किया कि वह आश्रम में दान करके पुण्य के भागी बने। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग बिलासपुर की संस्कार केंद्र टीचर मीरा भोगल भी उपस्थित रही। इसी दिन उनका भी जन्मदिन था। उन्होंने अपने जन्मदिन पर अपना घर में सभी सदस्यों को मिठाई बांटी।



**प्रभात फेरी**

▶▶ लिविंग के सदस्यों ने सुबह 5 बजे बिलासपुर नगर में प्रभात फेरी का आयोजन किया

# हमीरपुर जिले में पांचवें दिन दाखिल हुए 4 नामांकन पत्र

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के लिए 7 मई को शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के पांचवें दिन सोमवार को जिला हमीरपुर में कुल 4 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के लिए भाजपा के अनुराग सिंह ठाकुर ने नामांकन पत्र भरा। जबकि, वीरेंद्र सिंह कंवर ने अनुराग सिंह ठाकुर के कवरिंग कैंडिडेट के रूप में पर्चा दाखिल किया।राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के जगदीप कुमार ने भी हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र भरा। उधर, विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर के उपचुनाव के लिए एनसीपी के प्रत्याशी रविंद्र सिंह डोगरा ने एसडीएम कार्यालय सुजानपुर में अपना पर्चा दाखिल किया।जबकि, विधानसभा क्षेत्र 39-बड़सर के लिए सोमवार को कोई भी नामांकन पत्र नहीं भरा गया।



## संक्षिप्त खबरें

### हिम-आंचल पेंशनर्ज संघ की मासिक बैठक केसी गौतम की अध्यक्षता में आयोजित

**विवेकानंद वशिष्ठ**



**हमीरपुरः** हिम-आंचल पेंशनर्ज संघ, हमीरपुर जिला इकाई की मासिक बैठक 13 मई, 2024 को जिला प्रधान केसी गौतम की अध्यक्षता में पेंशनर भवन, हमीरपुर में आयोजित की गई। जिला महासचिव शम्भू राम जसवाल द्वारा बैठक एजैण्डा के साथ वर्तमान में जिला में संघ गतिविधियों की जानकारी दी गई। चर्चा में भाग लेने वालों में संघ संस्थापक बी ड़ी शर्मा, जिला प्रधान केसी गौतम, प्रदेश मुण्संगठन सचिव पुरषोत्तम शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान रंजीत सिंह ठाकुर, नादौन प्रधान जगदीश शर्मा (कारगू), हमीरपुर खण्ड़ वनारसी दास पटियाल, टौणीदेवी प्रधान जगदीश शर्मा, बिझड़ी खण्ड़ महासचिव तोता राम जन्जुआ, सुजानपुर पूर्व प्रधान वेदप्रकाश पाठक, प्रधान पृथ्वीराज शर्मा, भोरन्ज प्रधान वचित्र सिंह ठाकुर आदि प्रमुख रहे। संघ संस्थापक बी ड़ी शर्मा द्वारा पेंशनरों से आग्रह किया गया कि संघ गतिविधियों में पदाधिकारियों को सभी अपना पूरा सहयोग दें। पेंशनरों की लम्बित मांगों व समस्याओं पर विस्तार से मंथन किया गया। उपस्थित सदस्यों द्वारा 1 जुलाई 2022 से महंगाई भत्ता की किस्त अप्रैल महीने की पेंशन के साथ मिलने पर सरकार का धन्यवाद किया गया। पेंशनरों द्वारा चर्चा के दौरान पदाधिकारियों के संज्ञान में लाया कि पेंशन संशोधन पर मिलने वाली ग्रैच्युटी, लीब-एनकैशमैंट व कम्युटेशन के भुगतान हेतु सरकार की ओर से कोई आदेश जारी नहीं किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों में वजट की कमी के कारण उनके चिकित्सा बिलों का भुगतान भी लम्बित है और महंगाई की तीन और किस्तें देय हो चुकी हैं। जिला प्रधान केसी गौतम ने अपने वक्तव्य में सरकार से मांग की कि सरकार पेंशनर्ज जेसीसी का शीध्र गठन करके बैठक का आयोजन करके पेंशनरों की लम्बित मांगों पर विचार-विमर्श किया जाए। जिला प्रधान ने मांग दोहराई कि सरकार पेंशनरों द्वारा अपने इलाज पर जेब से खर्च भरकम राशि के लम्बित चिकित्सा बिलों के शीध्र भुगतान हेतु विभागों को पर्याप्त वजट जारी करे और पेंशनर्ज के अन्य लम्बित आर्थिक लाभ ग्रैच्युटी, कम्युटेशन, लीब-एनकैशमैंट आदि का भुगतान एकमुश्त किया जाए।

### लोक गायिका अंजलि शांडिल का साजना एलबम की शूटिंग पूरी, लांचिग हुआ पहाड़ी गीत मंडी के देवधड़ रमणीय स्थलों में हुई एलबम शूट

**कश्मीर ठाकुर**




**बिलासपुरः** लोक गायकी में अपनी अलग पहचान बना चुकी अंजलि शांडिल अपनी गायकी के प्रति जुनून कम होता प्रतीत नहीं हो रहा है। एक से बढकर एक स्वरबद्ध लय प्रस्तुत करने वाले अंजलि शांडिल की अभी हाल ही में रिलीज साजना पहाड़ी गीत मेरा बी नी लगदा दिल ए याद तेरी आईओ को दर्शकों और श्रोताओं ने सर आंखों पर बिठाया है। इस गीत के रिलीज होते ही करीब 12 घंटो में तीन हजार से ज्यादा दर्शक देख व पसंद कर चुके हैं। इसी से उत्साहित अंजलि शांडिल ने साजना एक गीत गाया है। यह गाना साजना यूट्यूब एसएम रिकाड्र्स शिमला पर रिलीज हुआ है। इस गीत को अंजलि ने स्वयं लिखा है और संगीत शशि भूषण नेगी ने दिया है। विडियो एलबम की शूटिंग मंडी जिला के देव धड़ के रमणीय स्थलों पर हुई है। शूटिंग में नदी नालो व सीढ़ीदार खेतों की खूबसूरती को भी इस एलबम में समेटने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि उनका अपनी पहाड़ी संस्कृति को संजोए रखना व पहाड़ी गीतों के माध्यम से संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास किया है।हिमाचल के प्राकृतिक सौंदर्य की पृष्ठभूमि में पहाड़ी धुनों पर, पहाड़ी बोली में गाना संगीतमयी आवाजों का गुलदस्ता होता है। इसकी जड़ें गहरी परम्पराओं से जुड़ी हैं। समय के साथ-साथ आधुनिकता, वैश्वीकरण और तकनीकी विकास के कारण धीरे-धीरे परम्पराएं टूट रही हैं। मधुर संगीत का स्थान डीजे ने ले लिया है। नई पीढ़ी के लिए पुराने बने गीत लुप्त होते जा रहे हैं। धीरे-धीरे समाप्त होती इन परंपराओं को और संस्कृति को बचाने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास है। बताया कि शीघ्र ही भजन व मां की भेंटे को प्रमुखता से प्रस्तुत करने की तयारी में हैं।

# हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति की दो दिवसीय कार्यशाला आरम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति शिमला में आज मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित करने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला आरम्भ हुई।कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए समिति के परियोजना निदेशक राजीव कुमार ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में कार्यरत हेल्थ एजुकेटर, हेल्थ सुपरवाइजर और बीसी कॉर्डिनेटर को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करना है। कार्यशाला में सभी जिलों के 60 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।कार्यशाला में प्रतिभागियों को सरकार द्वारा एचआईवीए एड्स, यौन रोगों से ग्रसित लोगों के लिए कार्यान्वित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। यह मास्टर ट्रेनर प्रदेश के विभिन्न भागों में लोगों को एड्स व एचआईवी से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जागरूक करेंगे। कार्यशाला में प्रतिभागियों को इस वित्त वर्ष में चलाए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने तथा एचआईवी को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी विषयों के साथ सम्मिलित करने की जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

# एनडीआरएफ ने रावी नदी से निकाला दुर्घटनाग्रस्त ट्रक

**हामिद**

**चंबाः** बीते गुरुवार को चंबा-भरमौर नेशनल हाईवे पर हुए ट्रक हादसे में एनडीआरएफ की टीम ने ट्रक को तो रावी नदी से निकाल दिया है मगर चालक का अभी भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। भरमौर-पठानकोट हाईवे पर ढकोग के पास ट्रक हादसे में लापता हुए चालक की खोज के लिए एनडीआरएफ की टीम ने रविवार को बारिश के बावजूद सर्च अभियान को जारी रखा। इस दौरान पहले ट्रक को बाहर निकाला गया और अब गाड़ी में लदे सीमैंट के बैग को निकालने का कार्य शुरू किया, जिसमें समय लग सकता है। पानी के कारण सीमैंट के बैग काफी भारी हो गए हैं। टीम का अनुमान है कि ट्रक चालक शायद सीमेंट के बैगों के नीचे दबा हो सकता है। हालांकि नूरपुर से 27 सदस्यीय एनडीआरएफ टीम ने सर्च अभियान को तेज किया है लेकिन दिनभर की कड़ी मशक्कत के बाद लापता चालक का कोई पता नहीं चल पाया। इससे पहले पुलिस, अग्निशमन विभाग के जवानों और ग्रामीणों ने भी सर्च ऑप्रेशन चलाया। अब सोमवार को भी एक बार फिर सर्च अभियान चलाया जा रहा है। सर्च अभियान में किसी प्रकार से बाधा न होए इसके लिए समय-समय पर जलाशय के गेट बंद करवाकर रावी नदी का जलस्तर कम किया जा रहा है। गौरतलब है कि चम्बा-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर वीरवार रात को योगराज पुत्र धनीराम निवासी गांव तराला डाकघर जांघी ट्रक में कंपनी का सीमैंट लेकर चम्बा से खड़ामुख की ओर जा रहे थे। ढकोग बाजार के पास ट्रक हादसे का शिकार होकर रावी नदी में जा गिरा। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों और पुलिस ने चालक को निकालने के लिए सर्च अभियान चलाया, लेकिन सफ लता नहीं मिल पाई। इसके बाद भरमौर प्रशासन की ओर से जसूर से एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई। उधर, एसडीएम भरमौर कुलवीर सिंह राणा ने बताया कि लापता ट्रक चालक की तलाश में एनडीआरएफ के जवानों ने रावी नदी में संभावित जगहों और ट्रक के नीचे भी तलाश की।



# सरस्वती पैराडाइज इंटेरनेशनल स्कूल में बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** सीबीएसई द्वारा बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसके अंतर्गत सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कला संकाय में वंशिका डोगरा ने 98:अंक प्राप्त कर प्रथम, आंचल ने 97.8: अंक प्राप्त कर दूसरा और आकृति ठाकुर ने 93.4: अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय से आकाश भारद्वाज ने 96.2: अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।अंकुश भारद्वाज ने 95: अंक लेकर दूसरा और सीरत वर्मा ने 93.6: अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय से ध्रुव वर्मा ने 92.4: अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, भाविक शर्मा ने 89.8: अंक प्राप्त कर दूसरा और नकुल शांडिल ने 83.8: अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। विषय वार अंक सहित प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी क्रमश:वंशिका डोगरा (100-राजनीतिक शास्त्र, भूगोल), आंचल (100-आई पी), अंकुश भारद्वाज, अनुष्का डोगरा (99-अंग्रेजी), वंशिका डोगरा (98-अर्थशास्त्र), भाविक और करन (97-फि जिकल एजुकेशन), आकाश भारद्वाज (95-रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित),सीरत वर्मा (93-जीव विज्ञान), ध्रुव वर्मा (92-अकाउंटेंसी), भाविक शर्मा (91-बिज?स स्टडीज), सानिया 85-साहित्य रहे। प्राचार्य मनदीप राणा और विद्यालय अध्यक्ष हिमांक मित्तल ने छात्रों को उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया और छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।



# कौलांवालाभूड के खेत में मिला हरियाणा के 78 वर्षीय बुजुर्ग का शव

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** जिला सिरमौर के विकास खंड नाहन के तहत आने वाले कौलांवालाभूड क्षेत्र में हरियाणा के एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव खेत में पड़ा हुआ मिला है। हालांकि व्यक्ति की मौत किन कारणों से हुई है इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज नाहन पहुंचाया है। साथ ही मामले की जांच भी शुरू कर दी है। बता दें कि कौलांवालाभूड के साथ हरियाणा की सीमा लगती है। बताया जा रहा है कि 78 वर्षीय यह व्यक्ति पैदल ही वापस अपने घर हरियाणा की तरफ लौट रहा था।

# पवनजीत कश्यप का लिखा व गाया मतदान जागरकता गीत एसडीएम गोहर द्वारा लांच



**सुभाग सचदेवा**

**गोहरः** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने उन्हें जागरूक करने के लिए नोडल अधिकारी पवनजीत कश्यप द्वारा लिखित मांड्याली गीत सुण लो सारे मंडिया रे वोटरो वोट देणा जरुर को एसडीएम गोहर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नाचन लक्ष्मण सिंह कनेट ने आज अपने कार्यालय में लांच किया। नाचन विधानसभा में मतदाता जागरूकता अभियान मा भी पाणा वोट के अन्तर्गत व्यवस्थित स्वीप कार्यक्रम के नोडल अफसर पवनजीत कश्यप द्वारा लिखित और गाया हुआ गीत सुण लौ सारे मंडियां दे वोटरो वोट देणा जरूर गाने का वीडियो जारी किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि मण्डयाली बोली में तैयार यह वीडियो गाना जहां लोगों का मनोरंजन करेगा तो वहीं मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने का भी प्रयास करेगा। इस मौके पर उन्होंने साथ ही कहा कि नाचन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता आगामी 1 जून को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। उन्होंने बताया कि इस गाने को स्वीप टीम नाचन के नोडल अधिकारी पवनजीत कश्यप लिखा और गाया है। प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने गीत के संगीत को व्यवस्थित और रिकॉर्ड किया है। जबकि वीडियो एडिटिंग प्रह्लाद स्टूडियो नेरचौक द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता पर आधारित इस गाने को एसडीएम गोहर और 28 स्वीप नाचन के फेसबुक पेज के अतिरिक्त यूट्यूब चैनल पर भी देखा जा सकता है।

**जागरूक किया**

▶▶ लिखित और गाया हुआ गीत सुण लौ सारे मंडियां दे वोटरो वोट देणा जरूर गाने का वीडियो जारी किया

# उपायुक्त ने चुनाव आईकॉन पदमश्री विजय शर्मा को किया सम्मानित

## जिला के चुनाव आईकॉन पदमश्री विजय शर्मा को शॉल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया

**हामिद**

**चंबाः** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षण एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम की निरंतरता में आज बचत भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला के चुनाव आईकॉन पदमश्री विजय शर्मा को शॉल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं एवं जिला वासियों से 1 जून को मतदान करने का विशेष आग्रह किया। पदमश्री विजय शर्मा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। सभी लोगों को अपना मन पसंद प्रत्याशी और सरकार चुनने का अधिकार है। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि लोग अकारण ही अपने बहुमूल्य मत का कई बार प्रयोग नहीं करते हैं। राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन को लेकर उन्होंने सभी जिला वासियों से अपने मतदान के महत्व को समझकर 1 जून को अधिक से अधिक संख्या में मतदान का आग्रह किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान, जिला रोजगार अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी स्वीप अरविंद सिंह चौहान ने मतदान के महत्व और संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान संगीत प्रवक्ता गुलशन पाल द्वारा लिखित एवं स्वरबद्ध चंबयाली गीत वोट पाना असांद्दहक जमाणा जरूर चबयाली गीत का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान चंबा के प्रसिद्ध कवि भूपेंद्र जसरोटिया ने मतदान जागरूकता के लिए चबयाली कविता वोट पाणा-कम छढ़ी करी जाणा प्रस्तुत की।



# मंडी संसदीय क्षेत्र के लिए पांचवें दिन कोई नामांकन पत्र दाखिल नही

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः मंडी** संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार पांचवे दिन कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी 2-मंडी संसदीय क्षेत्र, अपूर्व देवगन ने दी। उन्होंने बताया कि अब तक मंडी संसदीय क्षेत्र से कुल 7 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। बताया कि मंगलवार 14 मई नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन है। बाल वृद्ध आश्रम की वार्षिक आम सभा की बैठक तलयार स्थित आश्रम परिसर में हुई, जिसमें लगभग 150 सदस्यों ने भाग लिया। सोसायटी के अध्यक्ष सोम नाथ बहल ने संबोधित किया और वर्ष 1987 में इसकी स्थापना के बाद सोसायटी के लंबे इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने तलयार में परिसर की स्थापना के लिए इसके संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय जय कुमार और स्वर्गीय चरणजी लाल के अथक प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सदस्यों को किशोर न्याय अधिनियम 2015 के लागू होने और देश के सभी बाल आश्रमों पर लागू होने के बाद हुए महत्वपूर्ण बदलाव के बारे में जानकारी दी। आश्रम की बुनियादी आवश्यकताओं को भी अद्यतन किया और वर्ष 2019 में हिमाचल प्रदेश सरकार से पच्चीस बच्चों के लिए बाल देखभाल संस्थान स्थापित करने के लिए स्थायी पंजीकरण प्राप्त किया है। अब यह संस्था किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अनुसार स्थायी बोर्डिंग और लॉजिंग सुविधाओं के साथ-साथ अन्य सुविधाएं और उचित स्टाफ प्रदान करती है। उन्होंने सदन को यह भी बताया कि हमारी संस्था को अनुदान इन ऐड देने का मामला निदेशक महिला एवं बाल कल्याण विभाग के समक्ष जोरदार तरीके से उठाया गया है। इस संबंध में सोसाइटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की। बाल आश्रम के बच्चों ने कल्चरल कार्यक्रम आयोजित किया और समूह गान प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया। बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। सोसाइटी के कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश धवन द्वारा वर्ष 2022-23 की लेखा जोखा सदन में पेश किया गया तथा उन लोगों का विशेष उल्लेख किया गया।



**दाखिला किए**

▶▶ बताया कि अब तक मंडी संसदीय क्षेत्र से कुल 7 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए

# सरस्वती पैराडाइज इंटेरनेशनल स्कूल में दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत







**चमन शर्मा**

**शिमला :** सीबीएसई द्वारा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसके अंतर्गत सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें मृदुल शर्मा ने 98: अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रज्वल शर्मा और हर्षित वर्मा 95.8: अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर और अनुष्का 95.4: अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। विषय वार अंक सहित प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी क्रमशः प्रज्वल और अनुष्का (100-आई पी), मृदुल शर्मा (99-विज्ञान, गणित), मृदुल शर्मा (97-सामाजिक विज्ञान), मृदुल शर्मा (96-अंग्रेजी), वंशिका ठाकुर (गणित-96), प्रज्वल शर्मा, तनिश शर्मा (92- हिंदी) रहे।प्राचार्य मनदीप राणा और विद्यालय अध्यक्ष हिमांक मित्तल ने छात्रों को उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

# सतपाल रायजादा दिलेर आदमी, जनता को ऐसे सांसद की जरूरत: मुकेश

**राजन पुरी**

**ऊना: प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा दिलेर आदमी है। जनता को प्रदेश के विकास व दुख की घड़ी में ऐसे सांसद की जरूरत है। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री सोमवार को गगरेट में कांग्रेस प्रत्याशी राकेश कालिया के नामांकन के दौरान आयोजित जनसभा व हरोली में आयोजित एससी सेल सम्मेलन की बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा भी साथ रहे। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हमीरपुर ससंदीय सीट को



भाजपा हल्के में लेकर चल रही थी, लेकिन कांग्रेस की चल रही लहर के चलते सतपाल रायजादा के नाम से अब भाजपा खौफ खा रहे हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा के हमीरपुर में हुए नामांकन के दौरान उमड़े जनसैलाब ने भाजपा को हिलाकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि आज तक अपने जीवन काल में ऐसी रैली नहीं देखी, जिस प्रकार की रैली सतपाल रायजादा के नामांकन के दौरान देखी। उन्होंने कहा कि बिलासपुर की जनता भी ऊना के साथ चलने की बात कह रही है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जिस प्रकार की भीड़ गगरेट, हरोली व ऊना की बैठकों में उमड़ रही है, उससे साफ है कि जिला ऊना से सतपाल रायजादा को रिकॉर्ड लीड़ मिलेगी। उन्होंने जिला की जनता से आह्वान किया कि अपना वोट अपने जिला के नाम कर दो। उन्होंने कहा कि परिवहन मंत्री के नाते एक बस रूट ऊना से दिल्ली के लिए चलाया जाएगा, जिसके चलते ऊना के लोग सीधा दिल्ली में जाकर सतपाल रायजादा से मिल सकेंगे।

जय श्री राम का नाम लेकर वोट मांगने वाले छलिएः रायजादा

गगरेट व हरोली में आयोजित जनसभा के दौरान हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा जब सत्ता में आई, तो बड़े बड़े वायदे किए थे। 15 लाख की बात करते थे। 450 का सिलेंडर 1200 का मिलने लगा। मंहगाई चरम पर पहुंचा दी। सत्ता में आए तो युवाओं को अग्निवीर बना दिया। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने ऐसा क्या काम किया, जो लेफ्टिनेंट बन गए। क्या अनुराग अपने बेटे या परिवार से किसी को अग्निवीर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। कभी पाकिस्तान तो कभी अमेरिका की बात करते हैं।

# लघट दंगल में केवल हिमाचल पहलवान ही ले सकेंगे भाग: संध्यार

**बैठक**

▶▶31000 रुपए व साथ में गुर्ज दिया जाएगा और छोटी माली के लिए 20000 रुपए और साथ में गुर्ज दिया जाएगा

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** सोमवार को दंगल कमेटी लघट की बैठक कमेटी प्रधान रमेश कुमार सिंह संध्यार की अध्यक्षता में महिला मंडल लघट के भवन में संपन्न हुई। जिसमें कमेटी के सभी सदस्यों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अब की बार गांव लघट में कुश्तियां का आयोजन 19 मई रविवार के दिन किया जाएगा। इसमें इस बार सिर्फ हिमाचल प्रदेश के पहलवानों को मौका दिया जाएगा और दूसरे राज्यों



के पहलवान इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे।

उन्होंने सभी पहलवानों से आग्रह किया है कि वे हिमाचल का आधार कार्ड लेकर आए बिना पहचान पत्र के प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दंगल कमेटी द्वारा दो माली करवाई जा जा रही है। जिसमें बड़ी माली के लिए 31000 रुपए व साथ में गुर्ज दिया जाएगा और छोटी माली के लिए 20000 रुपए और साथ में गुर्ज दिया जाएगा। इस बैठक में कमेटी के सचिन सुभाष चंद, उप प्रधान चंद्रमणि शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, बबली, प्रकाश चंद, जगदीश कुमार, सहित आदि ने भाग लिया

# शिमला संसदीय क्षेत्र से 3 उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**शिमलाः** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शिमला संसदीय क्षेत्र से तीन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। यह जानकारी आज रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने दी।

विनोद सुल्तानपुरी (42) पुत्र कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी, गांव व डाकघर सुल्तानपुर, तहसील व जिला सोलन ने अपना नामांकन इंडियन नेशनल कांग्रेस तथा सुरेश कुमार कश्यप (53) पुत्र चम्बेल सिंह, गांव पपलाहन, डाकघर गागल शिकोर, तहसील पच्छाद, जिला सिरमौर ने भारतीय जनता पार्टी से अपना नामांकन दर्ज किया।

# बाबा हरदेव सिंह ने हमें सच्चा मनुष्य बनने की युक्ति सिखायी: गोवर्धन शर्मा

**स्मृति**

▶▶मिशन को सामाजिक एवं आर्थिक परिषद के सलाहकार के रूप में मान्यता भी बाबा जी के समय में ही प्रदान की गई थी।

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** संत निरंकारी मंडल के पूर्व प्रमुख बाबा हरदेव सिंह की स्मृति में बिलासपुर जिला के झंडूता ब्रांच में समर्पण दिवस समागम मनाया गया। इस मौके पर हमीरपुर जोन 4 के जोनल इंचार्ज महात्मा गोवर्धन दास ने कहा कि बाबा हरदेव सिंह ने मानवीयता से युक्त होकर जीवन जीने का ढंग सिखाया। इसलिए सभी को बाबा



के दिव्य जीवन एवं शिक्षाओं से प्रेरणा लेने चाहिए। गौर हो कि वर्ष 2016 में 13 मई के दिन बाबा हरदेव सिंह जी अपने नश्वर शरीर को त्यागकर निराकार प्रभु में विलीन हो गए थे। तभी से प्रतिवर्ष यह दिन निरंकारी जगत में समर्पण दिवस के रूप में बाबा हरदेव सिंह को समर्पित किया जाता है। इस मौके पर जोनल इंचार्ज महात्मा गोवर्धन शर्मा ने निरंकारी जगत और प्रभु प्रेमियों को संबोधित किया। उन्होंने हमें सच्चा मनुष्य बनने की युक्ति सिखाई। उनके द्वारा जनकल्याण के लिए की गई सेवाएं एक स्वर्णिम इतिहास बनकर आज भी मानवता को प्रेरित कर रही हैं। बाबा जी की सिखलाईयों पर चलकर सभी श्रद्धालु भक्त प्रतिपल उनकी शिक्षाओं को याद करते हैं तथा उनका अनुसरण भी करते हैं। गौरतलब है कि बाबा हरदेव सिंह जी ने 36 वर्षों तक मिशन की बागड़ोर सम्भाली। उनके सानिध्य में मिशन 17 देशों से चलकर विश्व के प्रत्येक महाद्वीप के 60 राष्ट्रों तक पहुंचा, जिसमें राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तर के समागम, युवा सम्मेलन, सत्संग कार्यक्रम, समाज सेवा उपक्रम, विभिन्न धार्मिक तथा आध्यात्मिक संस्थाओं के साथ तालमेल जैसे आयोजन सम्मिलित थे। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा संत निरंकारी मिशन को सामाजिक एवं आर्थिक परिषद के सलाहकार के रूप में मान्यता भी बाबा जी के समय में ही प्रदान की गई थी। इस मौके पर क्षेत्रीय संचालक पवन राणा, बरमाणा मुखी बलबीर, झंडूता मुखी राम लाल, संयोजक गुलशन नड्डा एवं समस्त बांच मुखी व संयोजक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पैंशनर्ज वेल्फेयर एसोशिएशन बिलासपुर की त्रैमासिक बैठक 18 मई को: जगदीश दिनेश

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** पैंशनर्ज वेल्फेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर की कार्यकारिणी की त्रैमासिक बैठक जिला प्रधान जगदीश दिनेश की अध्यक्षता में आगामी 18 मई शनिवार को नगर के डियारा सेक्टर में स्थित बाबा विश्वकर्मा मंदिर के सभागार में 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में पैंशनर्ज की विभिन्न समस्याओं और संगठन की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर गहन विचारण्विमर्श होगा। बैठक में वर्ष 2023-2024 के आय-व्यय का लेखा.जोखा भी प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए सदस्यता संख्या बढ़ाने हेतु विशेष रूप से मंथन किया जाएगा। अत: जिला प्रधान जगदीश दिनेश ने जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियोंए सभी खण्डों एवं समस्त इकाइयों के प्रधानों, सचिवों और कोषाध्यक्षों से अनुरोध किया है कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में निर्धारित समय के अनुसार अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### स्पीति प्रशासन की ओर से रविवार को विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित

**नरेंद्र अंगारिया**

**काजा** : स्पीति प्रशासन ने काजा क्षेत्र में रविवार को विशेष सफाई अभियान आयोजित किया। सुबह 7 से 9 बजे तक हर विभागाध्यक्ष की अगुवाई में अपने अपने कार्यालय परिसर में समस्त कर्मचारियों ने



स्वच्छता अभियान चलाया। इसमें हर विभाग के हर कर्मचारी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। एडीसी राहुल जैन ने कहा कि स्पीति में समय समय पर सफाई अभियान चलाया जाता है। पर्यटन सीजन शुरू हो चुका है और बर्फबारी भी काफ ी हद तक साफ हो चुकी है ऐसे में इस सफाई अभियान के माध्यम से बर्फ के नीचे दबे कूड़े कर्कट को एकत्रित करके कूड़ेदान तक पहुंचाया गया है। स्पीति के साडा क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है ताकि अत्याधुनिक सुविधाओं के माध्यम से क्षेत्र को स्वच्छ बनाया जाए। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ साथ टूरिस्ट से भी अपील की है कि स्पीति को स्वच्छ बनाने में अपनी अपनी भूमिका निभाएं।

### बरनोह में सट्टा लगाते एक काबू

**राजन पुरी**

**ऊना:** सदर थाना के तहत बरनोह में पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए काबू किया है। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस रविवार रात्रि बरनोह में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने अरूण सेठ निवासी नंगल के कब्जे से पर्ची दडड़ा सटटा व 1090 रुपये बरामद किए गए। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने अरूण सेठ के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किड्जी में समर कैंप के लिए 14 से शुरू होगी रजिस्ट्रेशन

**राजन पुरी**

**ऊनाः** किड्जी स्कूल ऊना में जल्द ही समर कैंप शुरू होने जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष स्कूल में होने वाले समर कैंप में 3 से 10 वर्ष के बच्चें हिस्सा ले सकेंगे। यह जानकारी स्कूल प्रधानाचार्य रेणुका ने दी। उन्होंने बताया कि कैंप में ऊना शहर के कोई भी बच्चा हिस्सा लेकर इंज्वाय कर सकता है। प्रधानाचार्य ने बताया कि मनोरंजन व बौद्धिक विकास के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा कैंप में योगा, जिमनास्टिक, डांस, आऊडोर प्ले, पूल पार्टीज, सांइस टाइम, मूवीज शो के अलावा स्पेस एक्टीवी करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि समर कैंप के लिए 14 मई से रजिस्ट्रेशन स्कूल में शुरू हो जाएगी।

### गुगा जाहरवीर मंदिर में वार्षिक भंडारा आज

**राजन पुरी**

**ऊनाः** गुगा जाहरवीर मंदिर अप्पर भंजाल शंकर नगर में वार्षिक भंडारे का आयोजन 14 मई को किया जा रहा है। यह जानकारी गुगा मंदिर कमेटी के प्रधान अजय डढ़वाल ने दी।

उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संक्रांति के दिन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से धार्मिक समागम में पहुंचने का आह्वान किया है।

# नए मतदाता ने की मतदान करने की अपील




**मनीष**

**सोलनः अर्की** विधानसभा क्षेत्र की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) टीम ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनागुघाट तथा प्राथमिक विद्यालय शेरपुर में मतदाताओं के लिए विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया। स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा और डॉ. हेमराज सूर्य ने बताया कि निर्वाचन विभाग अर्की मतदाता जागरूकता के लिए सतत प्रयास कर रहा हैं। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ मतदाता शांति देवी और नई मतदाता सपना कुमारी ने अर्की क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया।उन्होंने बताया कि शेरपुर मतदान केन्द्र में महिलाओं और नए मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक जागरूक अभियान में भाग लिया। साथ ही घनागुघाट विद्यालय की छात्र-छात्राओं से उनके अभिभावकों, रिश्तेदारों और आस-पड़ोस के पात्र मतदाताओं

**बैठक**

▶▶डॉ. हेमराज सूर्य ने बताया कि निर्वाचन विभाग अर्की मतदाता जागरूकता के लिए सतत प्रयास कर रहा

को मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया।स्कूल के निर्वाचक साक्षरता क्लब ईएलसी के प्रभारी किशोर वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी लोगों की भागीदारी आवश्यक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय शर्मा ने भी सभी विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने माता-पिता तथा परिचितों को मतदान के लिए प्रेरित करें। इस मौके स्वीप अधिकारी प्रो. योगेश कुमार तथा बूथ स्तर अधिकारी अमर सिंह, शेरपुर मतदान केंद्र की बीएलओ गीता देवी, शेरपुर गांव की महिला मंडल के सदस्यगण तथा घनागुघाट स्कूल का समस्त स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

# रौड़ा सेक्टर में भजन संध्या 19 मई को: सुमित शर्मा

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** बाल राम नाटक समिति रौड़ा सेक्टर द्वारा आगामी 19 मई को भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए प्रधान सुमित शर्मा ने बताया कि रौड़ा सेक्टर में राशन डिपो के साथ आयोजित होने वाली इस भजन संध्या में मनीष भारद्वाजए मनीषा ठाकुर महामाई का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि वंश आर्ट ग्रुप द्वारा झांकियां भी निकाली जाएंगी। उन्होंने धर्म प्रेमियों से आग्रह किया कि वे इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ भाग लें।

# जिला स्तरीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में नौनिहालों ने दिखाया दमखम


**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** जिला बिलासपुर पेचक सिलाट (मार्शल आर्ट) संघ के महासचिव बृजलाल चैहान ने बताया की 12 मई 2024 को बिलासपुर के किसान भवन में 5वीं जिला स्तरीय पेचक सिलाट (मार्शल आर्ट) प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें जिला बिलासपुर के लगभग 115 खिलाडियों ने भाग लिया। पदक प्राप्त करने वाले खिलाडि ?ों के नाम क्रमशः लड़कियां अनायशा, रुद्राणी, अलीशा, अंशिका ने स्वर्ण पदक तथा मन्नत ने ने सिल्वर पदक प्राप्त किया। प्रीटीन वर्ग में कनिका ने



स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सब जूनियर में शेरेन सेन, फ लीशा, आरती, साक्षी, अविका व रजनी ने स्वर्ण पदक तथा अंकित, आर्य, आरती, सारिका ने सिल्वर पदक प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में दीपांशी, सलोनी, समीक्षा तथा तनिष्क ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। लडकों में 10 साल से नीचे कार्तिक ने स्वर्ण पदक अभिनव ने रजत पदक तथा कनिष्क और दिव्यांश ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रीटीन में कृशव, राघव, कृतिन, रियांश, नमन, आदित्य, अभिनव, सुजय ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रणव, ध्रुव, अभय शर्मा, असलान, अंशुमन, इमरानए अभय ने रजत पदक प्राप्त किया तथा हैरव सजल, अंकित ठाकुर, साहिल ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

# वीपीएस के 26 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए




**राजन पुरी**

**ऊनाः सीबीएसई की ओर** से घोषित 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के 26 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 12वीं कक्षा के विज्ञान संकाय में वशिष्ट पब्लिक स्कूल के ऋत्विक सैनी ने 96 प्रतिशत अंक लेकर जिला ऊना में प्रथम स्थान हासिल किया। अश्लेष साहनी ने 94 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, आदित्य लाल तथा ईशान शर्मा ने 92 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा कनिष्का विज ने 91 प्रतिशत, अमिति शर्मा ने 91 प्रतिशत, आकांक्षा रायजादा ने 90 प्रतिशत तथा हरमन जोत कौर ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में छात्रा राशि ने 97 प्रतिशत अंक लेकर जिला ऊना में प्रथम स्थान हासिल किया है। वृंदा ने 93 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया। श्रुति सुधा पांडा ने 92.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा आंचल, आयुषी रायजादा व प्रांजल कौशल ने 92 प्रतिशत, अनुष्का ने 91 प्रतिशत विनायक राणा ने 90.4 प्रतिशत, आशीष, अनामिका पुरी, रितिका व अक्षित सिंह ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। ऐसे परिणाम की घोषणा सुनकर सभी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। स्कूल प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने विश्वास दिलाया कि भविष्य में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने का प्रयास होता रहेगा। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि यह वशिष्ट पब्लिक स्कूल की मजबूत टीम की मेहनत का नतीजा है। स्कूल के चेयरमैन सतपाल वशिष्ट ने अभिभावकों, स्कूल स्टाफ तथा बच्चों को इस शानदार सफलता पर बधाई दी।

# पीठासीन, सहायक पीठासीन व मतदान अधिकारियों की दूसरी रिहर्सल अब 23 से

**राजन पुरी**

**ऊनाः** लोकसभा चुनावों और दो विधानसभा उप चुनावों को लेकर तैनात किए गए मतदान कर्मियों के लिए दूसरे चरण की रिहर्सल 22-23 मई को होनी थी। लेकिन अब यह रिहर्सल 23-24 मई को होगी। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने दी।

उन्होंने बताया कि चिंतपूर्णी निर्वाचन क्षेत्र (एससी) में नियुक्त किए गए पीठासीन अधिकारी और सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए दूसरे चरण की रिहर्सल 23 मई को तथा मतदान अधिकारियों की 24 मई को महाराणा प्रताप राजकीय डिग्री कॉलेज अंब, गगरेट निर्वाचन क्षेत्र के लिए पीठासीन अधिकारी और सहायक पीठासीन अधिकारियों की रिहर्सल 23 मई को और पोलिंग अधिकारियों की 24 मई को डॉ बीआर अंबेडकर, राजकीय पॉलिटेक्निक, अंबोटा में होगी। हरोली निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी और सहायक पीठासीन अधिकारियों की 23 मई को और मतदान अधिकारियों की 24 मई को कौशल विकास केंद्र पालकवाह में, ऊना निर्वाचन क्षेत्र के लिए पीठासीन अधिकारी और सहायक पीठासीन अधिकारियों की दूसरे लेवल की ट्रेनिंग 23 मई को और पोलिंग ऑफिसर की 24 मई को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ऊना और कुटलैहड़ निर्वाचन क्षेत्र में तैनात पीठासीन अधिकारी और सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए दूसरे चरण की रिहर्सल 23 मई को तथा मतदान अधिकारियों की 24 मई को एबीवी राजकीय डिग्री कॉलेज बंगाणा में होगी।

# प्रदीप, रिद्धिमा, सुशील व तनवी रहे ओवरऑल बेस्ट कैडेट्स

**राजन पुरी**

**ऊनाः जवाहर** नवोदय विद्यालय पेखूबेला ऊना में छठी हिमाचल प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी ऊना द्वारा चलाए जा रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। शिविर के अंतिम दिन प्रतियोगिताओं की फाइनल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। ड्रिल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशु शर्मा, प्रशांत ने द्वितीय व रिद्धिमा और अनुराधा ने तृतीय स्थान पाया। फायरिंग में अरुण कुमार ने प्रथम, अक्षय कुमार ने दूसरा स्थान पाया। निबंध प्रतियोगिता में अदिति ने प्रथम, विनायक कालिया ने दूसरा व स्मृद्धि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रिटन टेस्ट में लक्ष्मी ने प्रथम अभिषेक ने दूसरा व शिवांश ने तीसरा स्थान पाया। ओवरऑल बेस्ट कैडेट में प्रदीप सिंह, रिद्धिमा, सुशील कुमार व तनवी शर्मा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों व कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल आरके सैनी सेवा मेडल द्वारा शिविर के दौरान प्रथम द्वितीय स्थान पर रहे कैडेट्स को समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष पर मुख्य रूप से रिटायर्ड करनल एसएस शर्मा, रिटायर्ड कर्नल दर्शन सिंह, रिटायर्ड कर्नल एसके कालिया, विमल राठौड़, सोहन लाल जलोटा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# स्वीप के तहत एडीसी काजा परिसर में दिलवाई मतदाता शपथ

**नरेंद्र अंगारिया**

**काजा :** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप)कार्यक्रम का आयोजन भी रविवार को एडीसी परिसर में किया गया। इसमें एडीसी राहुल जैन ने मौजूद सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और स्टाफ को मतदाता शपथ दिलवाई और स्वीप के बारे विस्तृत जानकारी रखी। उन्होंने कहा कि स्वीप का प्रमुख लक्ष्य चुनाव के दौरान सभी पात्र मतदाताओं को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। यह कार्यक्रम




विविध प्रकार के सामान्य एवं लक्षित ऐसे इंटरवेंशनों पर आधारित हैं, जो राज्य के सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और जनस-ांख्यिकीय प्रोफाइल के साथ-साथ निर्वाचनों के पिछले चक्रों में निर्वाचकीय सहभागिता के इतिहास और उनसे मिली सीख के अनुसार अभिकल्पित किए गए हैं। एडीसी राहुल जैन ने कहा कि उन्होंने स्पीति वासियों से अपील की है अधिक से अधिक संख्या में मतदाताओं को मतदान केंद्र तक जाने के लिए प्रेरित करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### 15 साल से फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**सोनीपत जिले की** क्राईम युनिट सैक्टर 3 सोनीपत की पुलिस टीम नें पन्द्रह सालो से फरार व पाँच हजार रुपये के ईनामी व लूट की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ईशसर उर्फ ईजराईल हलम निवासी कारन्धा जिला अलवर राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस पीआरओ विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2008 को जगबीर पुत्र सरुप सिहं निवासी शिमली ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि 31 दिसंबर 2007 को मैं अपने ट्रक में अपनी रिशतेदारी में गाँव रामपुर कुण्डल जा रहा था।

### कक्षा 12वीं में तन्नू सहरावत व 10वीं में इति जैन रहे हिमगिरी पब्लिक स्कूल के टॉपर

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**हिमगिरी पब्लिक स्कूल बिहौली** रोड समालखा में आज पूरा दिन खुशी का माहौल रहा । गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा । जैसे ही बच्चों को सी बी एस ई बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होने की सूचना मिली , बच्चों का स्कूल प्रांगण में आना शुरू हो गया । बच्चे लम्बे समय से अपना परीक्षा परिणाम जानने के लिए उतावले थे । कक्षा 12वीं में कुल 71बच्चों ने परीक्षा दी जिसमें तन्नू सहरावत व 91.2% के साथ प्रथम स्थान, सौम्या 86.2% के साथ द्वितीय व इशु 80%तृतीय स्थान पर रहा , 20 बच्चे मेरिट में रहे तथा 35 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की । विज्ञान संकाय में तन्नू सहरावत ने 91.2 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया । माही ने 84.2 अंक लेकर द्वितीय स्थान व गरिमा ने 77.6 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया । वाणिज्य संकाय में इशु ने 80 अंक लेकर प्रथम स्थान, आरती ने 78.2 अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा नैन्शी ने 72.4 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । वही कला संकाय में सौम्या ने 86.2 अंक लेकर प्रथम स्थान तन्नू ने 84.4 अंक लेकर द्वितीय स्थान व पारुल ने 81 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा दसवीं में 82 बच्चे बोर्ड की परीक्षा में बैठे जिसमे इति जैन ने 92.8% के साथ प्रथम स्थान, लक्ष्य दुहन ने 90.4% के साथ द्वितीय स्थान तथा कोमल शर्मा ने 89.2% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया । 15 बच्चे मेरिट में रहे तथा 30बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए । प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ने बच्चों को उनका परीक्षा परिणाम बताते हुए उनको बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । प्रधानाचार्य ने परीक्षा परिणाम को बच्चों की मेहनत, मेहनती अध्यापकों का उचित मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया । इस अवसर पर सभी अध्यापकगण मौजूद रहे ।

### ड्यूरेक्स ने नए अभियान को शुरू करने की घोषणा की

**नोएडा।** दुनिया के नंबर वन कंडोम ब्रांड, ड्यूरेक्स ने #ExplorersWanted अभियान को शुरू करने की घोषणा की है, जिसमें ड्यूरेक्स ल्यूब्स की एक रेंज को दिखाया गया है। रहस्यमय अंगों के आसपास चाहत को जगाकर जोड़ों के बीच अंतरंगता की एक नई भावना को जगाने के लिए डिजाइन किए गए इस नए विज्ञापन अभियान का मकसद वास्तव में आकर्षण के उन स्थानों के बारे में बताना है, जो उनके साथी के शरीर की आकृति में मौजूद हैं। कनिका कालरा, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया- हेल्थ एंड न्यूट्रिशियन, रेकिट, ने कहा, हमारे कंज्यूमर इनसाइटस से यह संकेत मिलता है कि 74 प्रतिशत भारतीय अपनी सेक्स लाइफ की एक जैसी दिनचर्या से थक चुके हैं और अपनी सेक्स लाइफ को बेहतर बनाने के लिए लगातार कुछ नया करने की तलाश में रहते हैं। हम समझते हैं कि, बेडरूम में एक जैसी दिनचर्या एक गंभीर मुद्दा है। ड्यूरेक्स को इस तरह की विचारोत्तेजक बातचीत को आगे लाने और उन्हें एक अनूठा रूप देने के लिए जाना जाता है।

# मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया को लेकर प्रशासन चलायेगा जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**




**उपायुक्त वीरेन्द्र** कुमार दहिया ने जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में गर्मी के मौसम में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के बचाव को लेकर समीक्षा बैठक कर जरूरी दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में फैलने वाली बीमारियो को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। सभी प्रकार की जरूरी तैयारियां की जा रही है ताकि इन बीमारियों से बचाव किया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि गर्मी के मौसम में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व कई तरह की बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। इसको लेकर हमें व्यापक स्तर पर कार्यवाही करने की आवश्यकता है। विभिन्न विभागों के सहयोग से मलेरिया के सम्भावित स्थानों पर फोगिंग भी की जाएगी। उपायुक्त ने स्वास्थ्य और अन्य विभागों के अधिकारियों को दिशानिर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों में एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें व शुक्रवार को कार्यालय में मच्छरों के पनपने वाले स्थानों की साफ-सफाई करें, जैसे कि कूलरों में पानी को बदले। उन्होंने कहा कि मलेरिया व डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी को लेकर शिक्षा विभाग स्कूलों में प्रार्थना के दौरान बच्चों को इस बीमारी के फैलने के प्रति जागरूक करें। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि प्रत्येक रविवार को ग्रामीण स्तर पर अपने घर पर सूखा दिवस मनाएं। पानी के बर्तन, कूलर, फूलदान, हौदी आदि को खाली करें तथा सूखाकर ही पानी भरें। पानी के बर्तनों व टंकियों इत्यादि को पूरी तरह ढककर रखें। छत पर पड़े मटके, टायर, बोतल तथा अन्य टूटे-फूटे बर्तनों को हटा दें ताकि इनमें बरसात का पानी जमा ना हो क्योंकि मच्छर जमा पानी में पैदा होता है। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों से बचाव को लेकर अपने आसपास पानी न भरा रहने दें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। बुखार आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर खून की मुफ्द्त जांच करवाए। सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा ने बैठक में डेंगू बुखार के लक्षणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अचानक तेज बुखार होना। छाती व ऊपर के हिस्से में दानों का निकलना, सिर के आगे वाले हिस्से में जोर का दर्द, भूख ना लगना, जोड़ों में दर्द इत्यादि कई लक्षण डेंगू के हैं।

## स्व. राजकिशन ने लोगों की सोच बदलने का बखूबी काम किया

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौरः गांव अगवानपुर** के मैन पार्क में रविवार को लोक गायक राजकिशन अगवानपुरिया वेलफेयर एसोसिएशन की ओर लोक गायक राजकिशन अगवानपुरिया की 30वीं पुण्यतिथि पर विशाल रागिनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच मंजीत कुमार ने की। जबकि बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उन्होंने स्व. राजकिशन अगवानपुरिया की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और कहा कि स्व. राजकिशन ने अपनी रागनियों से हरियाणवी संस्कृति को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाई। उनकी रागनियों में सामाजिक ताना-बाना से लेकर लोगों के लिए एक नई सीख होती थी।

उन्होंने अपनी दमदार रागनियों के बलबूते लोगों की सोच को बदलने का काम बखूबी किया। कादियान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करना बेहतर प्रयास है, इससे स्व. राजकिशन हमेशा हमारे बीच जिंदा रहेंगे और युवा पीढ़ी को उनके बारे में जानने को मिलेगा।

## कुरुक्षेत्रा क्रिकेट एकेडमी-2 ने केसीए-12 को दी शिकस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** के मोहननगर स्थित खेल मैदान में रविवार को कुरुक्षेत्रा क्रिकेट एके-डमी-2 व कुरुक्षेत्र क्रिकेट एकेडमी-12 के बीच खेले गए 25 ओवर के मैच में आजाद नगर के नरकातारी रोड स्थित कुरुक्षेत्रा क्रिकेट एकेडमी-2 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केसीए-12 को 68 रनों से शिकस्त दी। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी केसीए-2 के शुरूआती विकेट तीन बड़ी जल्दी गिरे लेकिन मनीष ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 54 गेदों में 49 रन बनाए जिसमें 3 चौके व 4 छक्के शामिल रहे। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी केसीए-12 की पूरी टीम 15 ओवर में 59 रन पर ऑलआउट हो गई। केसीए-2 के खिलाड़ी आयुष ने एक ही ओवर में तीन विकेट, विहान, मानिक व मनिष ने दो-दो विकेट झटके। इस अवसर पर विजेता टीम के कोच तरूण शर्मा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए हमें कड़ी मेहनत एवं प्रयास करना चाहिए।

## परशुराम जन्मोत्सव पर 203 ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपतः दादा देव वैकुंठ** धाम ताजपुर तिहाड़ खुर्द में भारतीय सेना के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जोकि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में लगाया गया । शिविर का शुभारंभ आर्मी टीम का नेतृत्व कर रहे हवलदार गिरी ने शहीद द्वार पर अमर शहीद कैप्टन कप्तान सिंह दहिया व अमर शहीद नरेश सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया । जहाँ पर कैप्टन कप्तान सिंह दहिया की धर्मपत्नी ने अपने परिवार के साथ मिलकर आर्मी जवानों का स्वागत किया जिसके बाद संस्था के सदस्यों ने आर्मी जवानों का फूलमालाएं डाल कर स्वागत किया । संस्था का यह 160 वाँ रक्तदान शिविर था जिसमे हमेशा की तरह रक्तदाताओं का जोश सातवे आसमान पर दिखा । शिविर का आयोजन इको यूथ क्लब , दादा देव वैकुंठ धाम सेवा समिति व माँ भारती रक्तवाहिनी के सहयोग से करवाया गया जिसमें 203 रक्तदाताओ ने आर्मी के लिए रक्तदान किया । *शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँची पूर्व आईजी आई पी एस सुमन मंजरी* ने सभी रक्तदाताओ का हौसला बढ़ाया । सुमन मंजरी ने कहा कि भगवान परशुराम सौर्य व शक्ति के प्रतीक है जो भगवान विश्णु के छठे अवतार है जिन्होंने अधर्म का विनाश कर धर्म की स्थापना की उसी प्रकार माँ भारती रक्तवाहिनी व इको यूथ क्लब के सदस्यों ने देश सेवा का यह कार्य किया जो किसी आर्मी जवान व उसके पारिवारिक सदस्य का जीवन बचाया जाएगा । शिविर में पहुँचे अनेको सामाजिक कार्यकताओं ने पहुच कर रक्तदाताओ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । शिविर में तीनों संस्थाओ के लगभग 50 सदस्यों ने इस रक्तदान शिविर को संभाला जिस वजह से 203 ४ल्व३ रक्तदान करवा पाए । शिविर में 11 महिलाओं ने भी रक्तदान किया । साथ ही 8 दिव्यांगों ने आर्मी के लिए रक्तदान किया जिन्होंने पहुचते है आर्मी रक्तदान शिविर में जैसे जान फूंक दी ।

दिव्यांगों ने आम जन को सन्देश दिया कि आप को कई महीनों में सेना के लिए रक्तदान करने का अवसर मिलता है हमे उसे चूकना नही है कम से कम सेना के लिए हम कुछ खून तो दान कर ही सकते है ।

**रक्तदान महादान**

**अमर शहीद कैप्टन कप्तान सिंह दहिया व अमर शहीद नरेश सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया**

## जुष्टि चोपड़ा 96 फीसदी अंक पाकर बनी ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की टॉपर

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपतः ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल** (जी-3) के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं व बारहवीं की परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल की है। सोमवार को रिजल्ट देख कर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे, सभी ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। बारहवीं की कॉमर्स संकाय में छात्रा जुष्टि चोपड़ा ने 96 फीसदी अंक पाकर स्कूल में पहला स्थान पाया। उसने एकाउंटेंसी में पूरे 100 अंक हासिल किए, जबकि इकोनॉमिक्स में उसे 99 अंक मिले । बारहवीं कला संकाय में अंशुल ने 88 फीसदी अंक हासिल कर अपने विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया, जबकि विशाखा 86 फीसदी अंक लेकर दूसरे व विन्नी 84 फीसदी अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। विज्ञान संकाय में प्रतीक 87.8 फीसदी अंक के साथ स्कूल में पहले स्थान पर रहे, जबकि आर्यन ने 80.4 अंक हासिल कर दूसरा स्थान पाया । दसवीं में छात्रा रिया ने 95.6 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल में पहला स्थान पाया, जबकि दीप्ति पाठक 95.4 फीसदी अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही । छात्र निखिल सैनी ने 93 फीसदी अंक पाकर तीसरा, सुजल व अदिति ने 92-92 फीसदी अंक लेकर संयुक्त रूप से चौथा व निशांत ने 91 फीसदी अंक पाकर स्कूल में पांचवां स्थान पाया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सुधीर जैन ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय की प्राचार्या व टीचिंग स्टाफ को दिया, जिनकी देख-रेख में छात्र- छात्राओं ने यह सफलता हासिल किया। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि बारहवीं में विन्नी ने पॉलिटिकल साइंस में 96 व इकोनॉमिक्स में 94 हासिल किये । दसवीं की टॉपर रिया ने कंप्यूटर एप्लीकेशन में 98, सोशल साइंस व गणित में 95 -95 व साइंस में 94 अंक हासिल किए, जबकि दीप्ति पाठक ने कंप्यूटर एप्लीकेशन में 99, सोशल साइंस में 98, गणित में 96 व साइंस में 94 अंक हासिल किए। निखिल सैनी ने कंप्यूटर एप्लीकेशन में 97 व गणित में 95 अंक पाया , जबकि सुजल को गणित में 99 व कंप्यूटर एप्लीकेशन में 97 अंक मिले। निशांत ने कंप्यूटर एप्लीकेशन में 95 व सोशल साइंस में 96 पाया, वहीं अदिति ने कंप्यूटर एप्लीकेशन, गणित व साइंस तीनों विषय में 95 अंक हासिल किए ।

## भगवान परशुराम ने हमेशा ही अन्याय की लड़ाई लड़ी है: योगेश



**गन्नौर। शिव ब्राह्मण** धर्मशाला गांधीनगर में परशुराम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि समाजसेवी योगेश कौशिक , नरेश कौशिक अशोक शर्मा ने शिरकत की। धर्मशाला में पहुंचने पर धर्मशाला के प्रधान पंडित जय भगवान शर्मा , पंडित नरेश शर्मा , पंडित चंद्रपाल वत्स ने अतिथियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इसके उपरांत समाजसेवी योगेश कौशिक ने दो नए कमरों का उद्घाटन किया। अशोक शर्मा ने अपनी रागिनी के माध्यम से परशुराम जी भगवान का गुणगान किया। समाजसेवी योगेश कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम ने हमेशा ही अन्याय की लड़ाई लड़ी है। अन्य की लड़ाई में परशुराम शास्त्रों के साथ शस्त्रों का भी इस्तेमाल करते थे। भगवान परशुराम का बचपन का नाम राम था और भगवान शिव ने उन्हें अन्य शक्तियों से लड़ने के लिए फरसा भेंट किया था। तभी से उनका नाम परशुराम पड़ गया । भगवान परशुराम का जन्म अधर्मी,पापी और क्रूर राजाओं का अंत करने के लिये हुआ था. वे हमेशा अन्याय व अत्याचार के खिलाफ लड़ते रहे। भगवान परशुराम जयंती की हार्दिक बधाई देते हुए योगेश कौशिक ने कहा कि भगवान परशुराम की कृपा से आप सभी के जीवन में यश एवं सम्मान की वृद्धि हो, लोक कल्याण का संकल्प फलीभूत हो, यही प्रार्थना है।

## 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 298359 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**

**रबी फसल खरीद** अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 298359 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 297194 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 37281 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 114924 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 111525 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 4761 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपए प्रति किवंटल पर की जा रही है। डीएफएससी आदित्य कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस रविवार सांय इस कुल आवक में से अहर में 9587 मीट्रिक टन गेंहू, बबैल केन्द्र पर 5229 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 15844 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 31202 मीट्रिक टन, छिछड़ाना केन्द्र पर 13105 मीट्रिक टन, इसराना खरीद केन्द्र पर 30225 मीट्रिक टन, मडलौडा खरीद केन्द्र पर 64742 मीट्रिक टन, नौल्था खरीद केन्द्र पर 2051 मीट्रिक टन, पानीपत खरीद केन्द्र पर 34844 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसी प्रकार समालखा मण्डी में 83580 मीट्रिक टन गेंहू, सनौली में 5290 मीट्रिक टन, उरलाना में 2660 मीट्रिक टन की आवक हुई है और सम्बंधित खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं की नियमित रूप से खरीददारी की गई है।

## हर बूथ भाजपा का अभेद्य किला बनाः कविता जैन

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपतः शहर की विभिन्न** कॉलोनियों में महा जनसम्पर्क अभियान के तहत मतदाताओं से घर-घर जाकर सम्पर्क करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि हर बूथ भाजपा का अभेद्य किला बनाकर कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ोली की जीत सुनिश्चित करेंगे और मतदाताओं ने मत डालने से पहले ही नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले लिया है । सेक्टर 15, विशाल नगर, ऋषि नगर, बत्रा कॉलोनी, कल्याण नगर, ब्रह्म नगर में मतदाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि देश को तीसरी बड़ी अर्थवयवस्था बनाने, भारत को विश्व गुरु बनाने, विकसित देशों कि श्रेणी में भारत शामिल हो इसके लिए छोटी मोटी शिकायतों को छोड़कर वोट डालते समय राष्ट्रवाद को धयान में रखना होगा, उन्होंने आगे कहा कि मतदाता बिना सोचे समझे जब वोट डालता है तो फिर पांच साल पछताने के आलावा कोई चारा नहीं बचता । मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने राज मोहल्ला, बड़ा बगड़, दहिया कॉलोनी सम्पर्क करते हुए कहा कि 55 वर्ष के कांग्रेस कार्यकाल में सिवाए लूटने के कोई काम नहीं किया जबकि 10 वर्ष में नरेंद्र मोदी ने हर देशवासी का सीना चौड़ा कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेसी वोट मांगने आये तो पूछना कि उनका प्रधानमंत्री कौन बनेगा तो कोई जवाब नहीं देंगे, क्योंकि 26 दलों का गठबंधन देश को मजबूत करने के लिए नहीं बल्कि कुर्सी हथिया कर फिर से घोटाले करने की नीयत से ज्यादा है।

## डी ए बी स्कूल समालखा का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**





**सीबीएसई बोर्ड** नई दिल्ली का 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे । डी ए बी स्कूल समालखा में आने जाने से अभिभावको एवं छात्रों का ताता लगा रहा। अध्यापकों अभिभावकों और छात्रों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी। स्कूल प्राचार्या भव्या शर्मा ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओ को फूल माला पहनाकर पुरस्कृत किया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। दसवीं कक्षा के छात्र प्रथम मीढा ने 97.20% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया राज वीरेंद्र ने 95.40% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा ऋषिका ने 93.40 अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम ने गणित और सामाजिक विज्ञान में 100% अंक प्राप्त किए। दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में शुभम नागपाल ने 96.20% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा सोनाक्षी ने 93% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं मुनेश ने 92.40 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया । 12वीं कक्षा में ही दीपांशु मुनेश और साक्षी ने पेंटिंग में 100% अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त 12वीं कक्षा की छात्रा तन्वी ने 90.2 प्रतिशत महिमा ने 90.2 % प्राची ने 90% तथा अतिका ने 90% अंक प्राप्त किए। 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

## ज्ञान विज्ञान समिति पानीपत जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**



**हरियाणा ज्ञान** विज्ञान समिति पानीपत जिला कार्यकारिणी की बैठक शीतल की अध्यक्षता में शहीद वीरेंद्र स्मारक भवन में हुई । इसमें हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के सचिव वेदपाल ने भगत सिंह के शहीदी दिवस पर हुए कार्यक्रमों व चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या के कार्यक्रमों की रिपोर्ट व समीक्षा प्रस्तुत की , तथा भविष्य में किए जाने वाले कामों को चिन्हित किया। जिसमें मुख्य रूप से आठ गांवों में पुस्तकालय व लर्निंग सेंटर चलाने की योजना बनी। इन लर्निंग सेंटरों पर समाज में वैज्ञानिक चेतना व साफ सुथरी संस्कृति पैदा करने के लिए सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे ,जिसमें गीत , रागनियों की प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी । इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को विवेक सम्मत मतदान करने के लिए जन - जागरूकता का अभियान समालखा कस्बे तथा विभिन्न गांव में पर्चों के माध्यम से किया जाएगा । इस बैठक में हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य प्रधान डॉ०प्रमोद गोरी ने कहा कि आधुनिक भारत की संकल्पना का जो सपना भीमराव अंबेडकर व हमारे क्रांतिकारियों ने संजोया था।

## संपादकीय

# मोदी का आत्मविश्वास

**तीसरी** बार भारत का प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने से श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को जनता जनार्दन के अलावा कोई दूसरा नहीं रोक सकता। अठारहवीं लोकसभा के लिए अभी मतदान के चार चरण ही पूरे हुए हैं किन्तु मोदी जी का आत्मविश्वास देखते हुए विपक्ष को सावधान हो जाना चाहिए ,क्योंकि मोदी जी ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों का एजेंडा बना कर रख लिया है। किसी भी राजनेता को मोदी की ही तरह काम करना चाहिए ,ये मै मोदी जी की रीति-नीति का प्रबल विरोधी होते भी कह रहा हूँ।

पूरी भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र को भूल चुकी है और तीसरी बार भी चुनाव भावनात्मक,भ्रामक तथा झूठ के आधार पर लड़ रही है। चौथे चरण की पूर्व संध्या पर भी भाजपा की पूरी टीम और माननीय मोदी जी ने हिन्दुओं के तुष्टिकरण के लिए मुसलमानों का हौवा खड़ा किया है। भाजपा के पक्ष में कोई हवा नहीं है फिर भी मोदी जी अपने सपने में रंग भरने पर आमादा हैं। निश्चित ही उनके हाथ कोई जादू की छड़ी लग गयी है जो जनमत को यकायक उनके पक्ष में खड़ा कर देगी। इंदिरा गांधी भी 1977 के आम चुनाव में उस तरह विपक्ष के निशाने पर नहीं थीं जिस तरह की आज मोदी जी विपक्ष के निशाने पर हैं। लेकिन मोदी जी किशोर कुंजर की तरह झूमते हुए चल रहे हैं। उन्हें आम चुनाव गले में पड़ी माला जैसा लग रहा है।

विपक्ष का आत्मविश्वास अपनी जगह है ,लेकिन विपक्ष की और से सत्तापक्ष की तरफ से उछाले गए 'अबकी 400 पार ' जैसा कोई नारा नहीं उछाला गया है । लगता है कि विपक्ष केवल और केवल मोदी को रोकने के लिए कोशिश कर रहा है ,भाजपा को रोकने के लिए नहीं ,अन्यथा विपक्ष भी चार सौ पार जैसा कोई नारा उछालता ? भाजपा की सरकार ने अपने दस साल की उपलब्धियों को बलाए ताक रख दिया है। भाजपा और मोदी केवल और केवल हिन्दू-मुसलमान के आधार पर चुनाव लड़ रहे हैं और बेशर्मी के साथ हिन्दू मुसलमान कर रहे हैं। चुनाव के चलते भी भाजपा लगातार अपने भय को छिपाने के लिए दल-बदल के अभियान को जारी रखे हुए है। भाजपा के दूसरे बड़े नेता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खुद दल-बदल अभियान की कमान सम्हाले हुए हैं।

मतदान का चौथा चरण बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसी चरण के मतदान के बाद तय हो जाएगा की सत्ता की सीता किसका वरण करेगी ?वरमाला बूढ़े हो चले जिद्दी नरेंद्र दामोदर दास मोदी के गले में या साठा सो पाठा होने जा रहे राहुल गांधी के गले में। दोनों में भेद ये है कि मोदी स्वयंभू प्रधानमंत्री बन चुके हैं लेकिन राहुल गांधी ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। आईएनडीआईए लोकतान्त्रिक तरीके से अपना नेता चुनेगा । भाजपा की तरह वहां कोई भी अपने हाथ से अपने गले में माला डालकर अपने आपको नेता घोषित नहीं कर सकता। भाजपा ने तो मतदान के सभी चरण पूरे होने से पहले ही ,यानि जनादेश आने के पहले ही माननीय मोदी जी को अपना नेता मान लिया है। भाजपा के तमाम प्रत्याशियों को शायद टिकिट ही इसी शर्त पर दिए गए हैं कि वे मोदी जी के लिए ही अपना हाथ खड़ा करेंगे।

मै माननीय मोदी जी के आत्मविश्वास की बात कर रहा था । आपको बता दूँ कि 24 में से 36 घंटे काम करने वाले मोदी फिलहाल चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं, लेकिन उन्होंने अपनी सरकार के 100 दिन के एजेंडे को लागू करने के लिए अपने शीर्ष सचिवों की 10 समितियां नियुक्त की है।

# हिंदुओं की घटती जनसंख्या, खतरे का संकेत है !



मृत्युंजय दीक्षित

> "कांग्रेस, सपा, बसपा सहित इंडी गठबंधन आजकल जो संविधान बचाओ संविधान बचाओ का हल्ला कर रहा है वह असल में मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति ही है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्याओं की सुरक्षा कवच बन गई हैं मुस्लिम वोट बैंक के कारण विपक्ष इस ताजा रिपोर्ट को भी झूठा व ध्यान भटकाने वाला मुद्दा बता रहा है। गाया और जनसँख्या नियोजन के नाम पर हिन्दुओं की जबरदस्ती नसबंदी की गई। परिवार नियोजन कार्यक्रम को हिन्दुओं पर थोप दिया गया और मुसलमानों को उससे दूर रखा गया। हम दो, हमारे दो के नारे के तहत हिन्दुओं को ही टारगेट किया गया और विदेशों से धन लेकर इसके लिए कार्यक्रम चलाए गए जिसका कुप्रभाव अब दिखाई पड़ रहा है"

**लोकसभा** चुनावों के चौथे चरण के पूर्व प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की, भारत में जनसँख्या वितरण पर आयी एक रिपोर्ट ने राजनैतिक वातावरण को मानों आग पर रख दिया है, जनसँख्या वितरण पर राजनैतिक बयानबाजी तेज हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में 1950 से 2015 के बीच कुल जनसँख्या में हिंदुओं की जनसँख्या 7.82 प्रतिशत घट गई है जबकि मुस्लिम आबादी 43.15 प्रतिशत बढ़ गई है। हिन्दुओं के लिए ये अत्यंत चिंताजनक है। रिपोर्ट के अनुसार हिंदू जनसँख्या के तीव्रता से घटने का सिलसिला पड़ोसी इस्लामिक देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश में तो चल ही रहा है, पूर्व के एकमात्र हिंदू राष्ट्र नेपाल में भी हिन्दुओं की जनसँख्या उसी तीव्रता के साथ कम हो रही हे जो अत्यंत चिंताजनक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के अधिकतर मुस्लिम बाहुल्य देशों में भी मुस्लिम हिस्सेदारी में बढ़ोत्तरी हुई हैव हीं हिंदू, ईसाई और अन्य धर्म बहुल देशों में बहुसंख्यक हिससेदारी में कमी आई है। परिषद ने दुनिया के 167 देशों में 1950 से 2015 के बीच आए जनसांख्यिकीय बदलाव का अध्ययन किया है। इन देशों में बहुसंख्यक उन्हें माना गया है जिनकी आबादी 75 प्रतिशत से अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार इन देशों में 65 वर्षों में बहुसंख्यकों की हिस्सेदारी में 22 प्रतिशत की कमी आई है लेकिन यह मुस्लिम बहुसंख्यक देशों पर लागू नहीं होता। मुस्लिम बहुल 38 देशों में भी मुस्लिम आबादी बढ़ी है। पड़ोसी राष्ट्र म्यांमार में बहुसंख्यक बौद्ध आबादी भी 78.53 प्रतिशत से घटकर 70.80 प्रतिशत रह गई है। श्रीलंका में बौद्ध आबादी बढ़ी है जहां बौद्धों की आबादी 64.28 प्रतिशत से बढ़कर 67.65 प्रतिशत हो गई है। भूटान में भी बौद्धों की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद की यह रिपोर्ट हिन्दुओं के लिए बहुत ही चौकाने वाली तथा चिंताजनक तथा दुखद है। स्वतंत्रता के बाद हिंदुओं की घटती आबादी के लिए ,आखिर कौन जिम्मेदार है? निश्चय ही इसके लिए कांग्रेस व उसके गर्भ से निकलने वाले प्रधानमंत्रियों का शासनकाल व उनकी एकपक्षीय मुस्लिम तुष्टिकरण की नीतियों को ही सवार्धिक दोषी माना जाएगा। विकृत राजनैतिक कारणों से भारत में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बाढ़ आ गई है, सुदूर पूर्व से लेकर उत्तर के कठिन क्षेत्रों तक बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या बस्तियां हैं। तुष्टिकरण की घृणित राजनीति के कारण भारत के पूर्वोत्तर सहित नौ राज्यों में हिन्दू



अल्पसंख्यक हो गये हैं जबकि एक दर्जन से अधिक जिले ऐसे हैं जहाँ हिन्दू अल्पसंख्यक हो गये हैं। बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदू आबादी तो मात्र 30 प्रतिशत ही रह गई है और केरल का हाल तो सर्वविदित है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में भी हिंदुओं की घटती आबादी के लिए भी कांग्रेस शासनकाल की लचर नीतियां ही जिम्मेदार हैं क्योंकि जब इन देशों में हिन्दू व अन्य अल्पसंख्यक समाज के लोगों पर अत्याचार हो रहे थे और उन पर जघन्य अपराध करके उनका धर्मान्तरण किया जा रहा था तब भारत में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार में मुस्लिम तुष्टिकरण के कारण अपना मुंह बंद कर लेती थीं । कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन दलों का कहना है कि जनमानस के असली मुददों से ध्यान भटकाने के लिए यह झूठी रिपोर्ट जारी की गई है। इन लोगों का यह भी कहना है कि भाजपा के हाथ से यह चुनाव फिसलता जा रहा है जिसके कारण यह रिपोर्ट जारी की गई है । वास्तविकता यह है कोई भी सचेत और सतर्क व्यक्ति स्वयं अनुभव कर सकता है कि हिन्दू आबादी कम हो रही है और मुस्लिम आबादी तीव्रता के साथ बढ़ रही है। सच तो यह है कि ये रिपार्ट लोकसभा चुनावों में के मध्य विपक्ष और उसकी सहयोगी विदेशी ताकतों द्वारा चलाये जा रहे उस झूठे विमर्श को ध्वस्त कर रही है जिसमें जोर देकर कहा जा रहा था कि भारत में मुसलमान खतरे मे हैं और भारत में मुसलमानों पर अत्याचार हो रहा है। अभी हाल ही में अमेरिका से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव हो रहा है इस रिपोर्ट ने उस झूठ की धज्जियाँ उड़ा दी हैं ।आजकल लोकसभा चुनावों को लेकर हर संसदीय क्षेत्र की विभिन्न कोणों से रिपोर्टिंग की जा रही है जिनमें यह भी बताया जा रहा है कि कहां पर कितने मुस्लिम मतदाता हैं अगर इन रिपोर्ट्स को ही आधार मान लिया जाये तो स्थिति कुछ हद तक स्पष्ट हो रही है कि जमीनी सच्चाई कितनी बदल चुकी है और हिन्दू जनसंख्या को लेकर स्थितियां कितनी भयावह हो गई हैं। अधिकांश संसदीय सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 14 प्रतिशत से ऊपर जा चुकी है। कुछ इलाके जैसे बिहार का किशनगंज तो पूरी तरह से मुस्लिम बहुल हो चुके हैं। मुस्लिम आबादी के तीव्रता से बढ़ने पर कांग्रेस, सपा, बसपा सहित भारत के अन्य क्षेत्रीय व परिवारवादी दलों का वोट बैंक भी बढ़ता है यही कारण है कि वे हिन्दू समाज से सम्बंधित सभी मुद्दों की अवहेलना करते हैं और मुस्लिम माफियाओं को सर पे बैठाते हैं । थोक मुस्लिम वोट के लिए राम को काल्पनिक बताना, ज्ञानवापी में मिले शिवलिंग को फव्वारा बताना, कांवड़ियों को गुंडा कहना, सनातन की तुलना डेंगू से करना इनके लिए सामान्य बात है । थोक मुस्लिम वोट पाने के लिए उत्तर प्रदेश से लेकर महाराष्ट्र तक मतदान जैसे पवित्र कार्य के लिए वोट जिहाद का नारा दिया जा रहा है।मस्जिदों से मुसलमानों को बताया जा रहा है कि उन्हें किस सीट पर किस विरोधी दल के उम्मीदवार को जिताना है।

कांग्रेस, सपा, बसपा सहित इंडी गठबंधन आजकल जो संविधान बचाओ संविधान बचाओ का हल्ला कर रहा है वह असल में मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति ही है।पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी बांग्लादेशी घुसठियों व रोहिंग्याओं की सुरक्षा कवच बन गई हैं ।मुस्लिम वोट बैंक के कारण विपक्ष इस ताजा रिपोर्ट को भी झूठा व ध्यान भटकाने वाला मुद्दा बता रहा है। गाया और जनसँख्या नियोजन के नाम पर हिन्दुओं की जबरदस्ती नसबंदी की गई। परिवार नियोजन कार्यक्रम को हिन्दुओं पर थोप दिया गया और मुसलमानों को उससे दूर रखा गया। हम दो, हमारे दो के नारे के तहत हिन्दुओं को ही टारगेट किया गया और विदेशों से धन लेकर इसके लिए कार्यक्रम चलाए गए जिसका कुप्रभाव अब दिखाई पड़ रहा है। बढ़ती आबादी केवल धार्मिक आधार पर ही चिंता का विषय नहीं है अपितु प्राकृतिक, भौगोलिक और सामाजिक संतुलन के लिए भी चिंताजनक है। जनसंख्या वृद्धि के कारण ही बेरोजागारी की समस्या में भी तेजी से वृद्धि हो रही है जिसके कारण आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है। कांग्रेस, सपा, बसपा व अन्य इंडी गठबंधन में शामिल सभी भाजपा विरोधी दलों को भले ही घटती हुई हिन्दू आबादी की चिंता न हो किंतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल सहित तमाम हिंदू संगठन इसको लेकर चिंतित हैं । स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ हिन्दुओं की घटती आबादी पर अपनी चिंता व्यक्त करता रहा है और सरकार से धर्मांतरण की रोकथाम के लिए कड़े कानून, जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की बात करता रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी कार्यकारिणी में भी कई बार प्रस्ताव पारित कर चुका है जिसमें उसने सरकारों और देश वासियों से जानना चाहा है कि अगले 30 - 40 वर्षों में भारत कितने लोगों का भार सह सकता है। वर्तमान समय में हमारी जनसंख्या नीति कैसी हो हम इसे कैसे लागू करें। घुसपैठियों के कारण बढ़ रहे सामाजिक व सांस्कृतिक परिवर्तनों से समाज को कैसे बचाया जाये। संघ सभी सरकारों से जनसंख्या नियंत्रण कानून व समान नागरिक संहिता कानून लागू करने की मांग करता रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लाल किले से अपने संबोधन में जनसंख्या नियंत्रण कानून की एक बार बात कर चुके हैं।

भारत के कट्टरपंथी मुसलमान, देश का विभाजन करा लेने के बाद भी उसी मानसिकता से चल रहे हैं जोव औरंगजेब के समय में थी और कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के दल इन्हीं मुसलमानों के विचारों का अनुपालन कर रहे हैं। कांग्रेस चुनाव में प्रतिबंधित पीएफआई का सहयोग लेती है और मुस्लिम लीग की छाप वाला घोषणापत्र बनाती है।

## कविता

### गजल

समय को यूँ नहीं बर्बाद करना।
किसी को भी नहीं नाशाद करना।

मुझे हर फिक्र से आजाद करना।
मेरा दिल भी सनम कुछ शाद करना।

कभी भी याद आये जब हमारी,
हमेशा मुस्कुरा कर याद करना।

खुदा ने गर नवाजा है तुम्हे तो,
गरीबों की सदा इमदाद करना।

जमाने की भलाई माँगना तुम,
खुदा से जब कभी फरियाद करना।

जमाने को दिखाना बाद उसके,
नयी जब चीज कुछ ईजाद करना।

हमीद कानपुरी

# मोदी के लिए अपरिहार्य कैसे बने अमित शाह

आर.के. सिन्हा

**अमित शाह** राजधानी में अपने साउथ ब्लॉक के दफ्तर में जब काम करते होंगे, तब उनके जेहन में भी देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार पटेल का ख्याल अवश्य आता होगा। लौह पुरुष सरदार पटेल नें भी इसी साउथ ब्लॉक में बने गृह मंत्री कार्यालय से ही से देश की आंतरिक सुरक्षा को एक नई दिशा दी थी। वे भी बोलने में कम और काम करने में अधिक यकीन करते थे। अमित शाह का एक गुण यह भी है कि वे किसी अनावश्यक विवाद को खत्म करने में देर नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शायद सोचा होगा कि वे अमित शाह को देश का भावी प्रधानमंत्री बताकर एक विवाद खड़ा कर देंगे।

पर उनकी यह मंशा सफल नहीं हुई, क्योंकि अमित शाह ने साफ कर दिया कि नरेन्द्र मोदी ही 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। अमित शाह ने पहले भाजपा के संगठन में रहते हुए और फिर केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भाजपा अध्यक्ष रहते हुए उनके संगठनात्मक कौशल को सबने देखा, लेकिन जो लोग उन्हें गुजरात के दिनों से जानते थे, वे बहुत हैरान नहीं हुए। फिर, 2019 में, वह केंद्रीय गृह मंत्री बने, और इसके साथ ही शुरू हुआ कई बड़े फैसलों को लेने का दौर। पिछले पांच वर्षों में, अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को नया रूप दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देखरेख में भारतीय दंड विधान (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम को बदला गया। अमित शाह मानते हैं कि कोई भी कानून 50 साल के बाद पुराना हो जाता है। 1860 से 2023 तक आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था । आपको याद होगा जब जब भारत अपना 75वां स्वाधीनता दिवस मना रहा था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से पांच संकल्प किए थे। नए आपराधिक कानून उनमें से एक को पूरा करते हैं। सरकार ने नए कानूनों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम नाम दिया है। गृह मंत्री के रूप में अमित, शाह को प्रधानमंत्री का विश्वास और पूरा भरोसा प्राप्त है। वास्तव में, जब कोई राजनीतिक या सरकारी मुद्दा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष लाया जाता है, तो कहा जाता है कि वह उस व्यक्ति से अमित शाह से भी सलाह लेने के लिए कहते हैं।

2019 में, गृह मंत्री बनने के तीन महीने बाद, अमित शाह संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकारी कदम में सबसे आगे थे। इसके लिए कुशल राजनीतिक सूझबूझ की आवश्यकता थी। उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का पूरा समर्थन हासिल था। चार साल बाद, सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की वैधता को बरकरार रखा, जो कि भाजपा ने भारत के अंतिम एकीकरण में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखा था।

## विचार

# स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार

संजीव

भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है,तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है।

सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# राष्ट्रीय सुरक्षा पर बेतुकी बयानबाजी

डॉ.ओ.पी. त्रिपाठी

**राष्ट्रीय** सुरक्षा से बड़ा कोई मुद्दा हो ही नहीं सकता। इस मुद्दे के सामने बाकी सारे मुद्दे गौण हो जाते हैं। असल में राष्ट्र है तो हमारा भी अस्तित्व है। राष्ट्र के बिना हमारी क्या बिसात और अहमियत। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अति गंभीर, महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे पर जब कोई भी बेतुकी टिप्पणी या बयानबाजी की जाती है तो देशवासियों को अंदर तक चोट पहुंचती है। लोगों में इस बात का दर्द होता है कि वो कौन लोग हैं, जो इस तरह की बेतुकी बयानबाजी राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दे पर करते हैं। उनकी आस्था, विष्वास और वफादारी किसके लिए है। कम से कम अपने देश की लिए तो नहीं है। जिस देश की मिट्टी मे वो पैदा हुए, जिसके जल और जीवन से उनका जीवन चल रहा है वो उसकी प्रति वफादार न होकर देश के दुश्मनों के साथ खड़े दिखाई देते हैं। ऐसे तमाम प्रकरण है जब अपनी राजनीति चमकाने और सरकार पर हमला करने की नीयत से विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे करोड़ों लोगों के जीवन से जुड़े प्रश्न पर बेतुकी बयानबाजी करता है। जिसकी कड़े शब्दों में निंदा और भर्त्सना करनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में बीती 4 मई को आतंकियों ने वायुसेना के काफिले पर हमला किया था, जिसमें एक जवान ने शहादत दी और चार घायल अब भी उपचाराधीन हैं। इस हमले को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भाजपा की ह्यचुनावी स्टंटबाजीह्ण करार दिया। इससे बड़ी नालायकी और संवेदनहीनता क्या हो सकती है? यह राष्ट्रीय सुरक्षा और सेनाओं के सम्मान की अनिवार्यता का भी उल्लंघन है कि एक सरहदी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने ऐसा बयान दिया है।पुंछ के घने, गहरे, जंगलात इलाकों में सेना और सुरक्षा बलों का ऑपरेशन अब भी जारी है, आतंकियों के दो स्केच जारी कर 20 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है और आश्चर्य है कि इस कवायद को स्टंटबाजी करार दिया गया है। कांग्रेस नेताओं को सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई आक्रमण भी फर्जी और स्टंट लगे थे। वे लगातार सरकार से सवाल पूछते रहे और व्याख्याएं करते रहे कि आतंकी अड्डे नेस्तनाबूद नहीं हुए, बल्कि हमलों की चपेट में कुछ पक्षी आ गए थे।

# लोगों को ज्ञान देने के लिए उन्हें अज्ञानी बनाना जरूरी

डॉ. सुरेश कुमार

"**आप** रहने ही दीजिए। आपसे नहीं हो पाएगा। भैया जी आज के जमाने में लोगों को ज्ञान देने के लिए उन्हें अज्ञानी बनाना जरूरी है। केवल वाट्सप ग्रुप बनाकर एडमिन बने रहने से सिर्फ घांस छील पाओगे। ऐसा करते रहोगे तो समझो हो गया, कारवाँ गुजर जाएगा और आप गुबार में ही फसें रहोगे। टुकड़ों में यहाँ-वहाँ से बटोरने से कुछ नहीं होता। यह फेंकू ज्ञान है। असली ज्ञान से भी ज्यादा कीमती। असली ज्ञान की तथ्यता स्त्रोतों, संदर्भों, इंटरनेट से सिद्ध हो जायेंगे। लेकिन फेंकू ज्ञान को जलेबीदार उलझाऊ बातों से सिद्ध करना पड़ता है। समझे बरखुरदार! मैं और मेरे जैसे अनेक बंधु ताजमहल, ज्ञानवापी, कुतुब मीनार, जामा मस्जिद, लाल किला देखकर लौट भी आये और अब खुदाई करने वालों सहित सब को अपना ज्ञान रोजाना परोस रहे हैं और आप यहीं व्यंग्य जैसी बेकार चीज लिख रहे हैं। आपने कल देखा नहीं कि ऊधर खोजी लोग ज्ञानवापी पहुँचे कि नहीं इधर ज्ञान की सहस्त्रधारा चहुँ ओर बह निकलीं थीं।" बिअंग भैया जैसे व्यंग्यकार के भीतर से व्यंग्य का कीड़ा निकालने की कसम खाए फेंकूराम ने कहा- "हम वॉट्सऐपियों ने ही बताया कि ज्ञानवापी के तहखाने में शिवलिंग दैदीप्यमान की तरह चमक रहा है। एक से बढ़कर एक छवियाँ क्रॉप करके धड़ल्ले से पोस्ट कर डाले। सामने वाले की गैलरिया चुटकियों में फुल कर डाले। वह ससुरा इसी में उलझा रहेगा कि तस्वीरें देखें या गैलरी साफ करे। किसी की जगह पर कोई दूसरा कुछ बनाएगा तो खोजबीन होगी ही। आगे तेजोमहल का भी यही हाल होने वाला है। सारा इतिहास हम अपने व्हाट्सप में धरकर चलते हैं। ज्ञानवापी से शिवलिंग की ली गयी पहली तस्वीर को खोजियों को प्राप्त करने, देखने और जारी करने के पहले ही हम व्हाट्सपवीरों ने उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया था। सारी दुनिया जैसा करती है, वैसा आप भी किया करो बिअंग भाई। जानते नहीं, हाथी के दाँत दिखाने के कुछ और तथा खाने के कुछ और होते हैं। भीड़ तंत्र का हिस्सा बनो भीड़ तंत्र का। गधा भी अपने को कभी गधा नहीं बोलता, वह चुप रहने के बजाय मौका मिलते ही अपने को घोड़ा साबित करने पर तुल जाता है चाहे उसका ढेंचू-ढेंचू पसंद किया जाये या न किया जाए।

# शतावरी

हेल्थ फैक्ट्स

## रोग भगाए, सौंदर्य निखारे, शक्ति बढ़ाए



- शतावरी में विटामिन 'ए' होता है जो त्वचा की सुंदरता को निखारता है साथ ही यह चेहरे की झुर्रियों को मिटाता है
- आयुर्वेद में शतावरी की पत्तियों और जड़ों को शुक्रजनन, शीतल, मधुर एवं दिव्य रसायन माना गया है, यह दमा, खांसी, दिल के रोग के लिए कारगर है
- शुगर में शतावरी चूर्ण का सेवन दूध के साथ नियमित करने से काफी फायदा पहुंचता है
- यदि मूत्र में खून आने की समस्या है तो शतावरी का सेवन नियमित रूप से करें

**शतावरी** का पौधा हमारे लिए वरदान साबित हो रहा है। इसका चूर्ण दूध के साथ लेने से हड्डियों को शक्ति प्रदान करता है व दर्द को तेजी से दूर करने में मदद करता है। शतावरी एक औषधीय पौधा है जिसका उल्लेख आयुर्वेद में किया गया है। इसका वनस्पतीय नाम है 'स्पारॅगस रेसमोसस' है। शतावरी में ऐसे अनेक गुण छुपे हुए हैं जो आपकी हर एक बीमारी को यूं गायब कर सकते हैं। इसको गुणों की खान कहना गलत न होगा।

स्त्री रोगों में लाभकारी - यह पौधा तमाम तरह के स्त्री रोगों जैसे बांझपन, गर्भपात या नई नवेली मां में दूध की कमी को पूरा करता है। आयुर्वेद में शतावरी की पत्तियों और जड़ों को शुक्रजनन, शीतल, मधुर एवं दिव्य रसायन माना गया है। यह दमा, खांसी, दिल के रोग के लिए कारगर है। परंपरागत रूप से शतावरी को महिलाओं की जड़ी बूटी माना गया है, हालांकि यह पौधा पुरु षों के हार्मोन लेवल को बढ़ा कर उनकी कामुकता में भी इजाफा कर सकता है।

**शतावरी से अन्य लाभ**

1. **अतिरिक्त वजन कम करे :** महिलाओं में मासिक धर्म के दौरान अतिरिक्त पानी की वजह से जो वजन बढ़ता है शतावरी उसे कम करता है।
2. **ब्रेस्ट मिल्क बढ़ाए :** प्रसूता माता को यदि दूध नहीं आ रहा हो या कम आता हो तो शतावरी की जड़ों के चूर्ण का सेवन दिन में कम से कम चार बार करना चाहिए।
3. **मधुमेह में फायदेमंद :** शतावरी की जड़ों के चूर्ण का सेवन बगैर शक्करयुक्त दूध के साथ नियमित किया जाए तो यह काफी फायदेमंद होता है।
4. **शक्तिवर्धक :** अगर शतावरी के पत्तों के रस को दो चम्मच दूध में मिला कर दिन में दो बार लें, तो यह शक्ति प्रदान करता है।
5. **यूरीन में खून में लाभकारी :** अगर मूत्र में खून आने की समस्या है तो शतावरी का सेवन नियमित रूप से करें।
6. **अल्सर दूर करे :** शतावरी काफी ठंडा होता है इसलिए यह बुखार, जलन और पेट के अल्सर को दूर कर सकता है।
7. **बीमारियों का नाश करे:** यह जड़ी-बूटी हैजा, टाइफाइड बुखार, ई.कोलाई आदि से लड़ सकता है।
8. सुंदरता बढ़ाए: शतावरी में विटामिन 'ए' होता है जो कि त्वचा की सुंदरता को निखारता है। यह चेहरे से झुर्रियों को मिटाता है।
9. **माइग्रेन दूर करे :** शतावरी की ताजी जड़ को मोटा-मोटा कूट लें, इसका रस निकालें और इसमें बराबर मात्रा में तिल का तेल मिलाकर पका लें। इस तेल को सिर में लगाएं और लाभ देखें।
10. **प्रजनन छमता बढ़ाए :** यह गर्भ को पूरी तरह से पोषण पहुंचा कर प्रजनन दर को बढ़ाता है।

## मध्य आयु में हाई बीपी तो बुढ़ापे में स्मृति लोप

**बोस्टन**। वैज्ञानिकों ने कहा कि 50 वर्ष के आसपास की अवस्था में उच्च रक्तचाप का कई वर्षो बाद आपके दिमाग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कई अध्ययनों से यह पता चलता है कि मध्य आयु में हृदय संबंधी जोखिम खासकर रक्तचाप का संबंध स्मृति लोप से है।फ्रेमिंघम हार्ट स्टडी (एफएचएस) के आंकड़ों का इस्तेमाल करते हुए बोस्टन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के अनुसंधानकर्ताओं ने एफएचएस के 378 लोगों पर यह अध्ययन किया है। इसमें 50-60 वर्ष की आयु में इन लोगों के रक्तचाप और 30 साल बाद 80 या उससे अधिक आयु की अवस्था में इनके दिमाग के काम करने की क्षमता पर अध्ययन किया गया। मध्य आयु में जिन लोगों को उच्च रक्तचाप था, उनके दिमाग ने बहुत बाद ज्यादा खराब प्रदर्शन किया। इस अध्ययन का प्रकाशन ''जर्नल ऑफ अल्जाइमर्स डिजीज' में हुआ है।

## ज्यादा कॉफी पीना पिता बनने में हो सकता है बाधक



**एक** दिन में 200 मिली ग्राम से ज्यादा कॉफी पीने से शरीर में एस्ट्रोजन का उत्पादन बढ़ जाता है। एस्ट्रोजन का स्तर बढ़ने से महिला और पुरुषों दोनों में प्रजनन संबंधी विकार और नपुंसकता पैदा होती है। कामकाजी लोगों के कॉफी, चाकलेट और कोला एक मजबूत तनावरोधी का काम करते हैं और युवा पीढ़ी खासतौर से उत्तेजना के लिए इनका इस्तेमाल करती है, लेकिन जब इसकी तलब लत में बदल जाती है तो यह नपुंसकता पैदा करने लगता है। एक विशेषज्ञ का कहना है कि बहुत ज्यादा कॉफी पीने से पुरुषों की प्रजनन क्षमता प्रभावित होती है. जो पुरुष रोजाना दो कप या उससे ज्यादा कॉफी पीता है उसमें बाप बनने की संभावना बहुत कम होती है। जबकि लड़कियों में कैफीन फेलोपियन ट्यूब में पेसमेकर कोशिकाओं की प्रणाली को बाधित कर देता है.ये कोशिकाएं ट्यूब संकुचन का काम करती हैं और अंडों को ट्यूब में नीचे जाने से रोकती है। लेकिन जब महिलाएं बहुत ज्यादा कैफीन लेती हैं। उन्हें गर्भधारण करने में कैफीन नहीं लेनेवालों की अपेक्षा ज्यादा समय लगता है.इसलिए, अगर आप कुछ महीनों से परिवार को बढ़ाने की तैयारी में लगे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल रही है तो चाय, कॉफी, कोला और कोकोआ में पाए जानेवाले कैफीन की मात्रा कम से कम ले, खासतौर पर तब जब आप रोजाना 200 मिली ग्राम से ज्यादा कैफीन का उपभोग कर रहे हों।

एक अन्य विशेषज्ञ का कहना है कि कैफीन की ज्यादा मात्रा का सेवन करने वालों को प्रजनन संबंधी समस्याओं से लेकर गर्भपात तक की समस्या हो सकती है। इसलिए महिलाओं को उन खाने-पीने की उन चीजों का कम सेवन करना चाहिए, जिसमें ज्यादा मात्रा में कैफीन पाया जाता है, खासतौर पर जब वे गर्भधारण की अवस्था में हो या गर्भधारण करने की कोशिश कर रही हों। विशेषज्ञ कि गर्भवती महिलाओं को न सिर्फ कैफीन के सेवन से बचना चाहिए, बल्कि इसकी जगह स्वास्य के लिए हानिकारक चीजों जैसे शराब या चीनी से भरपूर सॉफ्ट ड्रिंक आदि से भी बचना चाहिए।

## रात को ज्यादा रोशनी भी नींद न आने की वजह

**अगर** आपके आस-पड़ोस में रात में खूब रोशनी रहती हो तो आप अच्छी तरह सो नहीं पाएंगे, जिससे दिन में भी आपकी कार्यक्षमता प्रभावित होगी। एक नए शोध में इसकी जानकारी मिली है। कनाडा के वेंकुवर में 68वें अमेरिकन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी में अप्रैल 2016 में इस शोध को प्रस्तुत किया जाएगा जो रात में रोशनी से नींद प्रभावित होने के बारे में की गई है।कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिर्वसटी के शोधकर्ता मौरिस ओहैयन ने बताया, ''हमारी दुनिया 24 घंटे काम करने वाला समाज बन गया है। हम बाहर खूब उजाला रखते हैं जैसे स्ट्रीट लाइटों के माध्यम से ताकि हमें कामकाज में आसानी हो और सुरक्षा का मसला भी है।' ओहैयन ने बताया, ''चिंता की बात यह है कि हमने अपने आसपास अंधेरे के आवरण को कम कर दिया है जिससे हमारी नींद प्रभावित हो रही है।'

ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों की तुलना में बड़े शहरों के लोग तीन से चार गुना अधिक रात के प्रकाश में रहते हैं। इस शोध के लिए 15 हजार 863 लोगों का फोन द्वारा 8 सालों तक सर्वेक्षण किया गया, जिसमें निद्रा से जुड़ी आदतों और नींद की गुणवत्ता जैसे सवाल किए गए थे। निष्कर्षो के अनुसार, कम प्रकाश में रहने वाले लोगों की तुलना में जो लोग अधिक प्रकाश में रहते थे वह नींद की कमी से ग्रसित थे।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते ह। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेगें। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेग। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते ह। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंग। शुभांक-4-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-4-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-6-8-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

## हंसी के फूव्वारें

राज (हरीश से ), ''सुनाओ दोस्त क्या हाल है?''

हरीश, ''बहुत बुरा हाल है. सब साथ छोड़ गए है एक बीवी थी वह भी कटी पतंग की तरह आसमान में कहीं उड़ती फिरती है, तुम अपना हाल सुनाओ.''

राज,''मैं तो बड़े मजे में हूं. आजकल कटी पतंगें लूटना ही मेरा काम है, आराम से गुजर रही है.''

□ □ □

एक मशहूर क्रिकेटर का विवाह हुआ. विवाह के कुछ दिन उपरांत वह अपनी ससुराल गया तो उलकी साली शोखी से बोली, ''जीजा जी, दीदी कैसी लगी?''

क्रिकेटर बड़ी गंभीर आवाज में बोला, ''मीडियम फास्ट.''


□ □ □

विजय लक्ष्मी (शारदा से), ''मेरी बेटी का संगीत अभ्यास मेरे लिए बहुत भाग्यशाली साबित हुआ?'' शारदा, ''वह कैसे.''

विजय लक्ष्मी, ''मेरा पड़ोसी इसी कारण अपना मकान आधे दामों पर बेच गया और मैंने खरीद लिया.''


□ □ □

## काकुरो पहेली - 4053




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.


उदाहरणतः




### काकुरो - 4052 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली - 4053



**बायें से दायें:-**

१. कारगिल युद्ध पर बनी जे. पी. दत्ता की बहु-सितारा फिल्म-२,१,१
३. 'रूप सलोना तेरा' गीत वाली सनी, अक्षय, मनीषा की फिल्म-२,३
६. आमिर, माधुरी दीक्षित की 'खंभे जैसी खड़ी हैं' गीत वाली फिल्म-२
७. 'अपना बनाना है' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
८. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली फिल्म-२
९. 'रिमझिम के गीत' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बबीता की फिल्म-४
१२. 'छोटा कद और पेट बड़ा' गीत वाली संजयदत्त, नम्रता की फिल्म-३
१३. अजय देवगन, मधु, सोनाली की 'किसी के इश्क' गीत वाली फिल्म-४
१५. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम की नायिका कौन थी-२
१८. अक्षय कुमार, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सात सुरों के तार' गीत वाली जैकी, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२१. फरदीन, करीना की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'डैडी कूल कूल' गीत वाली शाहरूख खान, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२३. राजीव कपूर, डिम्पल की 'कोई भी नाम दो' गीत वाली फिल्म-२
२४. अभिनेत्री पूजा भट्ट के पिता-३
२६. दिलीपकुमार, वहीदा रहमान की 'कल के सपने' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'तुझे ना देखूँ तो' गीत वाली जीतेंद्र, कमल सदाना, दिव्या की फिल्म-२
३०. सुमीत सहगल, शिखा की 'पीछे पीछे आजा' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दिल लगाने की' गीत वाली अक्षय, अमिताभ, राखी, जूही की फिल्म-२,२
२. अतीन भल्ला, संदली की एक फिल्म-२
३. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली फिल्म-२
४. संजयदत्त, काजोल की 'आवाज दो हमको' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली फिल्म-३
६. अजय देवगन, रवीना की 'कितना हसीन चेहरा' गीत वाली फिल्म-४
९. राजेश खन्ना, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
१३. सनी, बॉबी, उर्मीला की 'कोई नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'तुम आए तो आया' गीत वाली अजय देवगन, पूजा भट्ट की फिल्म-२
१६.'कहाँ से आई रानी' गीतवाली फिल्म-२,२
१७. 'मैं जब बोलूँ हाँ' गीत वाली जीतेंद्र, नीतूसिंह की फिल्म-४
१८. अशोककुमार, सुमिता की 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'दोस्त दोस्त ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
२०. अक्षय, करिश्मा की 'दिल ले गया' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'रजिया सुल्तन' में रजिया सुल्तन की शीर्षक भूमिका किसने की हैं-२
२६. 'तेरा क्या लगता है' गीत वाली फिल्म-२
२७. फिल्म 'काजल' की नायिका कौन थी-३
२८. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 4052



## 4053


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

4052

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 4053



**बाएँ से दाएँ**

1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**

2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

### शब्द पहेली -4052 का हल



## न्यूज फ्लैश

### अच्छे कर्म में काल अच्छा बनकर आएगा: राम मूर्ति

**राजन पुरी**

**ऊना:** श्री गुरुरविदास मंदिर बहड़ाला में चल रहे आद प्रकाश रत्नासागर के पाठ में बाबा राम मूर्ति ने कहा कि समय ही काल है। जोकि प्राणी के कर्मो के अनुसार चलता है। उन्होंने कहा कि अगर प्राणी का बुरा कर्म है, तो काल भी शैतान बनकर आएगा। उन्होंने कहा कि अगर प्राणी अच्छा कर्म करता है, तो काल अच्छा बनकर आएगा। उन्होंने कहा कि अच्छा बुरा परिणाम देने वाला महाकाल जिनको ठाकुर भगवान भी कहते है। बुरे समय से बचने के लिए ईश्वर आद की शरण में जाना चाहिए। ईश्वर आद की शरण का मार्ग संत महापुरूषों के वाणी सत्संग में ही मिलेगा।

### एसएसआरवीएम स्कूल में १२वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत

**राजन पुरी**

**ऊना:** एसएसआरवीएम विद्यालय के बच्चों ने सीबीएसई द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा का परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रथम स्थान पर साइंस विषय में अंश ने ९५ प्रतिशत अंक, द्वितीय स्थान मेघा आट्र्स विषय में ९० प्रतिशत अंक, चिन्मय साइंस विभाग में ९० प्रतिशत अंक, वैष्णवी ९० प्रतिशत, तृतीय स्थान आट्र्स विषय में सक्षम ने ८८.४ प्रतिशत, साक्षी ने ८८.२ प्रतिशत, साइंस विषय में चतुर्थ स्थान पल्लवी ने ८७ प्रतिशत अंक, पांचवा स्थान प्रज्ञा, निशांत ने ८५ प्रतिशत अंक लेकर प्राप्त किया। तीन विद्यार्थी ९० प्रतिशत से अधिक अंक लेकर पास हुए। ११ विद्यार्थी ८० प्रतिशत से अधिक अंक लेकर पास हुए। १५ से अधिक विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय में ९० से अधिक अंक प्राप्त कि किए। स्कूल प्रबंधक सुमेश शर्मा, प्रधानाचार्या बृजवाला शर्मा, शिक्षा समन्वयक सुरेंद्र रात्रा ने सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों को सराहनीय परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी।

### एमआईए डीएवी स्कूल का दसवीं तथा बारहवीं का परीक्षा परिणाम शानदार

**राजन पुरी**

**ऊना:** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा १०वीं तथा १२वीं के परीक्षा परिणाम में एमआईए डीएवी पब्लिक स्कूल मैहतपुर का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू शर्मा ने बताया कि कक्षा १०वीं की देवंशिका प्रथम, निष्ठा द्वितीय तथा सृष्टि तृतीय स्थान पर रही। अधिकतम विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। कक्षा १२वीं में जहां मेडिकल की स्मृति तथा कॉमर्स की आस्था दूबे ने ९२ प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रेरणा, आर्यन शर्मा तथा शिवम भाटिया ने द्वितीय तथा कनक धीमान व श्रद्धा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों की इस उत्कृष्ट सफलता पर विद्यालय प्रबंधकीय समिति के अध्यक्ष अरुण नैय्यर, सचिव बीएस चंदेल, सदस्य विजय ला, प्रधानाचार्या अंजू शर्मा तथा प्रोफेसर वीएस जसवाल ने शिक्षकों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों को बधाई दी।

### जिला चिकित्सालय में बनेंगे चिकित्सकों के आवास

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जिला चिकित्सालय में चिकित्सक और स्टाफ के लिए आवासों का निर्माण कराया जाएगा। इसकी प्रक्रिया चल रही है। 40 से 50 आवासों की जिला चिकित्सालय में आवश्यकता है। वर्तमान में सरकारी आवास नहीं होने पर चिकित्सक अस्पताल में नहीं रुकते हैं। चिकित्सकों के अस्पताल में नहीं रूकने का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। जिला चिकित्सालय में स्वीकृत पदों के सापेक्ष चिकित्सकों की कमी चल रही है। जो मानव संसाधन उपलब्ध है उसका पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है। सीएमएस डा.मुकुंद बसंल ने बताया कि चिकित्सालय परिसर में बने पुराने और जर्जर आवास भवनों को गिरा दिया गया है। यह लम्बे समय से खाली पडे थे और रहने योग्य नहीं थे। इनके गिरने से बड़ा हादसा हो सकता था। यह देखते हुए आवासों को गिरा दिया गया। अब हमारे पास पर्याप्त खाली जमीन उपलब्ध है। इस संबंध में संबंधित विभागों के साथ बैठक हुई है। बैठक में सीएमएस द्वारा प्रस्ताव और एस्टीमेट बनाने के लिए कहा गया। जैसे ही प्रस्ताव और एस्टीमेट बना कर दिया जाता है। उसे पास होने के लिए लखनऊ भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा आपातकालीन और आवश्यक होती हैं। जिला चिकित्सालय परिसर में चिकित्सकों और स्टाफ का रूकना जरूरी है। आपता स्थिति में परिसर से दूर रह रहे चिकित्सकों और स्टाफ को चिकित्सालय पहुंचने में समय लगता है और इसका कई बार नुकसान होता है।

# शहीद स्मारक वैध कनेक्शन के बाद ही होंगे रोशन

## जेई ने बिजली कटवाई, पर दर्ज नहीं कराई एफआईआर, एसडीओ बोले शहीद स्मारकों पर फ्री बिजली जलाने के आदेश नहीं हैं

**कार्यवाही**

▶▶ विद्युत विभाग ने शहीद पुष्पेंद्र सिंह स्मारक पर जलाई जा रही बिजली को काट दिया।




> **शहीद** स्मारक पर नियम विरूद्ध बिजली जलाई जा रही थी। यहां कोई कनेक्शन नहीं पाया गया। नियमों के तहत जेई ने कार्यवाही की है। सरकार की ओर से इस तरह का कोई आदेश नहीं आया है कि शहीद स्मारकों पर फ्री बिजली जलाई जाएगी।
> **-देवेन्द्र तिवारी, एसडीओ गोवर्धन**

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शहीद स्मारक वैध कनेक्शन के बाद ही रोशन हो सकेंगे। सरकार की ओर से विद्युत विभाग को इस तरह का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है जिसके तहत शहीद स्मारकों पर फ्री बिजली जलाई जा सके। इसी का हवाला देकर सौंख क्षेत्र में विद्युत विभाग ने शहीद पुष्पेंद्र सिंह स्मारक पर बिना वैध कनेक्शन के जलाई जा रही बिजली को काट दिया। हालांकि शहीद के परिजनों पर किसी तरह की कोई दंडात्मक कार्यवाही नहीं की गई और नहीं जेई ने बिजली चोरी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरे शहीद स्मारकों पर भी जहां वैध कनेक्शन के बाद बिजली जल रही है जल्द कार्यवाही हो सकती है। हालांकि बिजली विभाग के अधिकारियों की ओर से परिजनों को इस बात की सख्त हिदायत दे दी गई है कि वैध कनेक्शन के बाद वह स्मारक पर बिजली जला सकेंगे। स्मारक पर शहीद की प्रतिमा का अभी अनावरण नहीं हुआ है। शहीद के परिजनों ने बताया कि शहीद पुष्पेंद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण जिलाधिकारी करने वाले हैं। संभवतः इसी सप्ताह जिलाधिकारी गांव आने वाले हैं। नौ मई को सौंख फीडर जेई के आदेश पर शहीद स्मारक की लाइन को काट दिया गया। शहीद परिवार द्वारा जब इसकी जानकारी की गई तो उन जेई ने शहीद के भाई को बताया कि वैध कनेक्शन के बाद ही वह बिजली जला सकेंगे। शहीद के भाई और जेई के बीच हुई बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ऑडियो में जेई, शहीद के भाई से कह रहे हैं कि नेतागिरी मत करो। कहां कहां से फोन करा रहे हैं। इस पर शहीद का भाई यह कहते हुए सुना जा रहा है कि वह इसकी शिकायत जिलाधिकारी से करेंगे। इसके बाद जेई शहीद के भाई को हड़काते हुए सुनाई दे रहा है।

# रॉकफोर्ड स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत




**राजन पुरी**

**ऊना:** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित किए गए १२वीं व दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में रॉकफोर्ड सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य शगुन सिक्का ने बताया कि जमा दो के परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान नमन ने, द्वितीय स्थान अनिरुद्ध ने और तृतीय स्थान अरनव ने हासिल किया। चौथा स्थान संस्कृति एवं यशवर्धन ने, पांचवा स्थान वंश शर्मा ने, छठा स्थान पलक ने, सातवां स्थान सिमरन, आठवां स्थान परल्यांकर एवं मनीषा ने, नौवां स्थान तन्मय और दसवां स्थान इशा, नारायण और विनायक ने हासिल किया। वहीं दसवीं में प्रथम स्थान प्रकृति शर्मा ने, द्वितीय स्थान अंशिका राणा ने और तृतीय स्थान माधव शर्मा ने अच्छे अंकों के साथ हासिल किया। चौथा स्थान शेरून शर्मा ने, पांचवा स्थान सतनाम सिंह ने, छठा स्थान हार्दिक ने, सातवां स्थान शिवांगी ने आठवां स्थान शगुन ने, नौवां स्थान विश्वेश और दसवां स्थान सावन कुमार ने हासिल किया।

## भटोली गांव में न लगाया जाए मोबाइल का टॉवर

**राजन पुरी**

**ऊना:** ऊना विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ते गांव भटोली में लगने वाले मोबाइल टॉवर को लेकर ग्रामीणों में विरोध किया है। सोमवार को ग्रामीणों ने डीसी ऊना को ज्ञापन सौंपते हुए मोबाइल टॉवर न लगाने की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने मोबाइल टॉवर लगने से खुद व पशुओं के लिए खतरा बताया है।




ग्रामीणो में अजय कुमार, मनोज कुमार, मधु वाला, राधिका, पूजा शर्मा, प्रेमचंद, ज्योति वाला, रमन कुमार, शंकरदास, निशांत, प्रीति बाल किशन, संतोष कुमार सहित अन्यों का कहना है कि गांव भटोली में एक मोबाइल टॉवर लगने जा रहा है। जिसको लेकर हमने पहले पंचायत प्रधान को लिखित शिकायत दी। उनके कहने पर टॉवर लगाने का काम रूक किया। ग्रामीणों का कहना है कि टॉवर सेहत की दृष्टि से ग्रामीणों व जानवरों के लिए घातक है।

इससे कैंसर, दिल की बीमारी सहित अन्य बीमारियों का खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि गांव में ३०० से ज्यादा की आबादी है। ऐसे में हमारी मांग है कि गांव में टॉवर न लगाया जाए।

## बुधान नाले में मिला प्रवासी युवक का शव

**राजन पुरी**

**ऊना:** थाना बंगाणा के तहत बुधान गांव में १८ वर्षीय युवक का शव नाले में मिला है। मृतक युवक की पहचान रघु पुत्र माखन निवासी बिजोर जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह बुधान गांव में यूपी के रघु का शव नाले में मिला। स्थानीय लोगों ने शव को देख पंचायत प्रधान सहित पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल के दौरान मृतक की पहचान हुई, जो कि डियूगली पंचायत में अमर नाथ के घर किराए के मकान में रहता था। मृतक के भाई ने बतलाया कि रघु की दिमागी हालत ठीक नहीं थी।

# इंडस के कुलपति डा. संजय को मिला पीएसएम राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान

**राजन पुरी**

**ऊना:** इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बाथू के कुलपति डॉ. संजय कुमार बहल को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित पीएसएम राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रोग्रेसिव एकेडेमिशियन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीएएआई) द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह में शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में डॉ. बहल के अनुकरणीय नेतृत्व और परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का जश्न मनाया गया। जयपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र के दिग्गज और विचारशील नेता डॉ. बहल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को स्वीकार करने




और उनकी सराहना करने के लिए एक साथ आए। बता दें कि यूनिवर्सिटी के कुलपति के रूप में डॉ. बहल ने संस्थान को नवाचार और शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, छात्रों के बीच रचनात्मकता, अनुसंधान और समग्र विकास की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी को दिए गए प्रतिष्ठित सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए डॉ. बहल ने शिक्षा को आगे बढ़ाने और भविष्य के नेताओं को विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने इस मील के पत्थर को हासिल करने में इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक समुदाय के सामूहिक प्रयासों को स्वीकार किया और उत्कृष्टता के प्रति विश्वविद्यालय के अटूट समर्पण पर जोर दिया।

# चौंकाने वाला खुलासा: मित्रों के साथ मिलकर बेटे ने की पिता की हत्या

**खुलासा**

▶▶ -पहचान छिपाने के लिए चेहरे को जला दिया था
-चार मई को राया क्षेत्र में बक्से में बंद मिला था शव



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

चार मई को राया क्षेत्र में ग्राम आयरा के पास प्लाट में मिले अज्ञात व्यक्ति के अधजले शव की पहचान करने के बाद हत्या की घटना का चौंकाने वाला खुलासा किया है। होमोसेक्सुअल मित्रों के साथ मिलकर बेटे ने ही पिता को मौत के घाट उतारा था। पहचान छुपाने के लिए चेहरे को जला दिया था। बेटे के होमोसेक्सुअल संबंधों का पिता विरोध करता था। इसको लेकर बाप बेटे में आये दिन झगडे होते थे। इसके बाद पुत्र ने पिता की हत्या की साजिश रखी और अपने मित्रों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दे दिया। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतक के बेटे और मुख्य अभियुक्त अजीत निवासी अन्तापाडा थाना कोतवाली, कृष्णा पुत्र मुन्ना लाल निवासी प्रताप नगर चौराहा लक्ष्मी नगर थाना जमुनापार, लोकेश पुत्र राकेश निवासी घीया मंडी भार्गव गली चौक बाजार थाना कोतवाली तथा दीपक पुत्र लालाराम निवासी मौहल्ला गुजराना चौबियापाड़ा थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया है। शव की शिनाख्त और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना राया पर तीन टीमें गठित की गईं थीं। छह मई को थाना कोतवाली पर मोहनलाल शर्मा पुत्र आनन्द मूर्ति निवासी अन्तापाडा थाना कोतवाली मथुरा के गुम होने की मौखिक सूचना प्राप्त हुई थी। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना राया अशोक कुमार, एसआई राजकुमार थाना राया, एसआई थाना राया कृष्ण कुमार, एसआई थाना राया विनय कुमार, एसआई दीपक नागर थाना राया, प्रभारी स्वाट टीम अभय कुमार शर्मा, सर्विलांस प्रभारी विकास शर्मा, संजीव कुमार थाना महावन आदि थे।

**मुठभेड में गोली लगने से दो हुए घायल**

लोकेश व दीपक माहौर को यमुनापुल के नीचे शमशान घाट के पास से गिरफ्तार किया जबकि रात के समय राया हाथरस रोड भूडरी बम्बा के पास से पुलिस मुठभेड़ के बाद अजीत व कृष्णा वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त अजीत व कृष्णा को बाएं पैर की पिंडली में गोली है।

## अब खेतों से चोरी हो रही मिट्टी, ग्रामीण परेशान



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना छाता क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खनन माफिया दिन रात में ही नहीं दिन के उजाले में भी बेखौफ होकर जेसीबी मशीनों की सहायता से मिट्टी खनन कर रहें हैं। जिम्मेदारी अधिकारी द्वारा खनन माफियाओं पर कोई कार्यवाही न किये जाने के चलते खनन माफियाओं के हौसले बुलंद है। थाना छाता की केडी चौकी क्षेत्र के गांव सिहाना, कोंकेर, अकबरपुर, पिल्होरा, तरौली, बरौली, अहुरी, बिडावली, नौगांव, नरी, सेमरी, बिलौठी, आदि गांवों में मिट्टी खनन माफिया दिन रात जेसीबी मशीनों की सहायता से मिट्टी खनन कर रहें है। शाम ढलते ही मिट्टी से भरे दर्जनों टैक्टर, ट्राली एवं हाईवा ग्रामीण क्षेत्रों में फरार्टा भरते हुए देखे जा सकते है। ग्रामीणों का कहना था कि गेंहू की फसल की कटाई होने के बाद खाली हुए खेतों से खनन माफिया बगैर किसी अनुमति के दिन रात मिट्टी खनन कर चांदी काट रहें है। चौमुहां निवासी पप्पू मुखिया का कहना था कि उसका खेत तरौली रोड पर है। पांच दिन पूर्व रात के अंधरे में अज्ञात खनन माफियाओं ने उनके खेत से बगैर उनकी अनुमति के चोरी छिपे मिट्टी की खुदाई कर-के ले गए। खेत में काफी गहरे खड्ढे हो गए। अहुरी निवासी यादराम का कहना था कि शाम ढलते ही खनन माफिया सक्रिय हो जाते है। गांवों में दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी भरकर फरार्टा भरने लगते हैं।

## अनूप ने जीता गोल्ड मेडल

**मथुरा /टीम एक्शन इंडिया**




रिफाइनरी मथुरा ताइक्वांडो क्लब के द्वारा आयोजित हुई चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अनूप कुमार करोतिया पुत्र भरत सिंह करोतिया निवासी ग्राम भैंसा पोस्ट भैंसा मथुरा को गोल्ड मेडल और ट्रॉफी प्रदान की गई है। इन्होंने ट्रॉफी और गोल्ड मेडल प्राप्त करके जिले का और गांव का नाम रोशन किया है।

मथुरा जिले की प्रतियोगिता हुई जिसमें 251 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें अनूप कुमार करोतिया ने ताइक्वांडो और कोच मै प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल और ट्रॉफी प्राप्त की है

# डीएवी पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**राजन पुरी**

**ऊना:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा आयोजित कक्षा १२वीं का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित हो गया। इस परीक्षा परिणाम में डीएवी सेनटेनरी पब्लिक स्कूल ऊना में विज्ञान, वाणिज्य व कला संकाय के ११२ छात्रों ने परीक्षा दी। विद्यालय का १२वीं का परीक्षा परिणाम शत -प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं में विद्यालय के कला संकाय से वैष्णवी ने सर्वाधिक ९७.६ प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला संकाय से ही श्रेयसी ने ९७.२




97.6% 97.2% 96.4% 95.4% 95.2%

अंक प्राप्त कर द्वितीय व कला संकाय से ही पुनीता सैनी ने ९६.४ अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पाकर विद्यालय को गौरवांवित किया है। ९० प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में कृति ९५.४ ,महेश ठाकुर विज्ञान संकाय से ९५.२, आरती ९४.४, सिद्धिका धानवी जोशी ९४.२, कशिश ९३.२, कशिश ठाकुर ९२.६ व मोक्ष गुप्ता ने ९२.२ प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी नामित शर्मा ने परीक्षा परिणाम पर संतोष व्यक्त किया है। स्थानीय कमेटी के उप प्रधान बलविंदर सिंह ने शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। प्राचार्य प्रवीण सहगल ने कहा कि शिक्षकों की कड़ी मेहनत व छात्रों के अथक परिश्रम से ही शत-प्रतिशत परिणाम संभव हो पाया है।

# स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

**परीक्षा परिणाम**

▶▶ दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है



**राजन पुरी**

**ऊना:** सीबीएसई द्वारा सोमवार को घोषित किए गए दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल ऊना के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। प्रधानाचार्य धीरज शर्मा ने बेहतरीन परीक्षा परिणाम पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में ४२ छात्र शामिल हुए। स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। छात्रा राधिका ने ९६ फीसदी अंक अर्जित कर पहले स्थान पर कब्जा किया। छात्रा आध्या ९४.२ फीसदी अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। अस्मि ने ९३.२ प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रा सिमरन ने ९० फीसदी के साथ चौथा और कार्तिक ने ८९ प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पाया। शिवांगी ८६ प्रतिशत अंकों के साथ छठे स्थान पर रही। अनन्या, मौली और आर्यन ने ८५ फीसदी अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से सातवां स्थान हासिल किया। जबकि दूसरी तरफ सीबीएसई द्वारा घोषित किए गए जमा दो के वार्षिक परीक्षा परिणाम में स्कूल की छात्रा सरगम ने ९३.४ फीसदी अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया है। जबकि रिधमप्रीत, हिमानी, ध्रुव और कल्प सैणी ने दूसरा, सेजल और ईशा ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य धीरज शर्मा ने कहा कि स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर फोकस किया जाता है, ताकि बच्चे अपना उज्जवल भविष्य बनाने की दिशा में कदम बढ़ा सके।

# बालीबाल में विजेता बनी शोभित आईटीआई चलोला

**खिताब**

▶▶ सतीश कुमार ने शोभित आईटीआई के खिलाडियों को विनर ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण पत्र सौपें।



**राजन पुरी**

**ऊना:** आईटीआई ऊना में आयोजित हुई सातवीं जिला स्तरीय स्पोर्ट्स आईटीआई में शोभित आईटीआई चलोला ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बालीबॉल में विजेता का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ-साथ १०० मीटर, २०० मीटर, ४०० मीटर, जैब्लिंग व लांग जंप में भी जीत हासिल करते हुए अनेक मैडल अपने नाम किए। आईटीआई ऊना के ग्रुप अनुदेशक सतीश कुमार ने शोभित आईटीआई के खिलाडि?ों को विनर ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण पत्र सौपें। सोमवार को आईटीआई पहुंचने पर खिलाडि?ों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुखदेव सिंह सैनी, आईटीआई के चेयरमैन डा. अनिल गौतम व देशराज गौतम, पंकज शर्मा, पंकज सूद, प्रवीण शर्मा, आरती, मानसी, मोहित कुमार, पारस खन्ना, दीपक, सुरेश कुमार व आईटीआई के खिलाडी उपस्थित रहे।

# उत्तरपूर्व यूक्रेन में रूस के हमले के बाद हजारों नागरिक क्षेत्र छोड़कर चले गए

एजेंसी

**विलचा।** उत्तरपूर्व यूक्रेन में रूस के नए जमीनी हमले के बाद हजारों नागरिक क्षेत्र छोड़कर चले गए हैं। रूस ने कस्बों और गांवों को तोपों और मोर्टार से निशाना बनाया है। यह जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी। लड़ाई बढ़ने के साथ यूक्रेन की कम से कम एक इकाई को खार्किव क्षेत्र में पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इससे रूस की सेना को सीमा से लगे एक बड़े हिस्से पर नियंत्रण हासिल हो गया है।

खार्किव क्षेत्रीय पुलिस के प्रमुख व्लोदिमीर तिमोशको ने कहा कि रविवार दोपहर तक 17,000 की आबादी वाला वोवचांस्क शहर लड़ाई में केंद्र बिंदु के रूप में उभरा। उन्होंने कहा कि रूसी सेना शहर के बाहरी इलाके तक पहुंच गई और तीन दिशाओं से आगे बढ़ रही थी। तिमोशको ने कहा कि शहर की ओर आने वाली एक प्रमुख सड़क पर एक रूसी टैंक देखा गया, जो भारी हथियार तैनात करने के रूस की योजना का संकेत देता है।


पास के एक गांव में मौजूद 'एसोसिएटेड प्रेस' की एक टीम ने रूसी सेना द्वारा दागे गए गोले के कारण कस्बे से धुएं का गुबार उठता देखा। वहीं बचाव कर्मियों ने वहां के नागरिकों को वहां से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए पूरे दिन काम किया। इन नागरिकों में से अधिकांश बुजुर्ग थे। गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने एक सोशल मीडिया बयान में कहा कि शुक्रवार से कम से कम 4,000 नागरिक खार्किव क्षेत्र से बाहर चले गए हैं, जब रूस की सेना ने अभियान शुरू किया था। उन्होंने कहा कि रविवार को पूर्वोत्तर सीमा पर भारी लड़ाई हुई, जहां रूसी सेना ने पिछले 24 घंटे में 27 बस्तियों पर हमला किया।

# जॉर्डन ने इराक से तेल आपूर्ति समझौते का विस्तार करने का अनुरोध किया

**अम्मान।** जॉर्डन के ऊर्जा और खनिज संसाधन मंत्रालय ने कहा कि उसने इराक के तेल मंत्रालय को एक पत्र लिखकर तेल आपूर्ति समझौते के विस्तार की मांग की है, जिसके अंतर्गत जॉर्डन इराक से प्रतिदिन लगभग 10,000 बैरल तेल आयात करता है। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, जॉर्डन के तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में निदेशक इमान अवाद ने कहा कि जॉर्डन ने एक समझौता ज्ञापन के विस्तार का अनुरोध किया है, जो चार मई को समाप्त हुआ है। जॉर्डन ने तीन अतिरिक्त महीनों के लिए समझौता ज्ञापन के विस्तार का अनुरोध किया है।

# वारसॉ में शॉपिंग सेंटर में आग, निवासियों को घर के अंदर रहने के निर्देश

**वारसॉ।** पोलैंड की राजधानी वारसॉ के एक शॉपिंग सेंटर में भीषण आग लग गयी है तथा इसके कारण स्थानीय निवासियों को घर के अंदर रहने और खिड़कियां-दरवाजे बंद रखने के लिए कहा गया है। पोलैंड के सरकारी



सुरक्षा केंद्र (आरसीबी) ने यह जानकारी दी। उसने बयान जारी करके कहा, 'ध्यान दें, वारसॉ में मैरीविल्स्का स्ट्रीट 44 पर शॉपिंग सेंटर में आग लग गयी है। आग वाली जगह के करीब न जायें। अगर आप घर पर रह सकते हैं तो अंदर ही रहें और खिड़कियां बंद कर लें।'

# इंडोनेशिया में लावा की बाढ़ से 34 लोगों की मौत

**जकार्ता:** इंडोनेशिया के पश्चिम सुमात्रा प्रांत में लावा की बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई, जबकि कम से कम पांच अन्य लोग लापता हैं। यह जानकारी स्थानीय आपदा एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन और शमन एजेंसी की आपातकालीन इकाई के प्रमुख फजर सुकमा ने फोन पर कहा कि मारापी ज्वालामुखी की ढलान क्षेत्र में बारिश हुई, जिससे लावा की ठंडी बाढ़ आ गई, जिसने तनाह दातार और अगम के रीजेंसी को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि हताहतों की संख्या बढ़कर 34 हो गई



है। यह आंकड़ा बढ़ सकता है क्योंकि खोज और बचाव अभियान चल रहा है। कम से कम पांच लोग अब भी लापता हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन एवं राहत एजेंसी के वरिष्ठ प्रेस अधिकारी मुहर्रिदो इदवान ने कहा कि इसके अलावा 16 घायलों का इलाज निकटवर्ती अस्पतालों में किया गया है। उन्होंने कहा कि लापता लोगों के लिए, हमने क्षेत्रों में कम से कम दो सूचना केंद्र स्थापित किए हैं। जैसे-जैसे रिपोर्ट आती रहेंगी लापता लोगों की संख्या बदल सकती है। उन्होंने कहा,''लावा की बाढ़ रात में आई जब लोग सो रहे थे। कई इमारतें जलमग्न हो गईं।''

# सूडान के उत्तरी दारफुर में संघर्ष में 27 नागरिक मारे गए : संयुक्त राष्ट्र

एजेंसी

**खार्तूम।** सूडान में उत्तरी दारफुर की राजधानी एल फशर में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच संघर्ष में कम से कम 27 नागरिक मारे गए और लगभग 130 घायल हो गए है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी।

मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, अपुष्ट रिपोर्टों के मुताबिक संघर्ष में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 27 लोग मारे गए हैं, जबकि लगभग 130 लोग घायल हुए हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, एल फ़ैशर साउथ हॉस्पिटल ने अपनी अधिकतम बिस्तरों की क्षमता को पार कर लिया है।इस अस्पताल की क्षमता 100 बिस्तरों की है। ओसीएचए ने इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन डिसप्लेसमेंट ट्रैकिंग मैट्रिक्स की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि संघर्ष के कारण



अनुमानित 850 लोग एल फशर इलाके में विभिन्न स्थानों पर विस्थापित हो गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कई हफ्तों से आरएसएफ हमले की तैयारी के लिए एल फशर के बाहरी इलाके में हजारों लड़ाकों को जुटा रहा है, जबकि एसएएफ और सहयोगी दारफुरी सशस्त्र समूहों ने एल फशर के प्रवेश द्वारों और शहर के अधिकांश इलाकों के आसपास अपनी सेना को तैनात किया है। संयुक्त राष्ट्र ने पिछले सप्ताह चेतावनी दी थी कि एल फ़ैशर में लगभग 800,000 लोगों की जिंदगी खतरे में हैं क्योंकि हिंसा बढ़ रही है और पूरे दारफुर में 'खूनी अंतर-सांप्रदायिक संघर्ष शुरू होने' का खतरा है।

# राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने लिया बड़ा फैसला, यूक्रेन से युद्ध के बीच रक्षा मंत्री को पद से हटाया

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच ही राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु को हटा दिया है। उन्होंने आंद्रेई बेलेसाउ को नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया है। बेलेसाउ रूस के उपप्रधानमंत्री रह चुके हैं। बताया गया कि पुतिन ने शर्गेई शोइगु को रक्षा मंत्री पद से इसलिए मुक्त किया क्योंकि वह उन्हें शक्तिशाली सुरक्षा परिषद का सचिव नियुक्त करना चाहते हैं। फिलहाल निकोलाई पात्रुशेव इस पद को संभाल रहे हैं। युद्ध के बीच रक्षा उद्योग की समस्याओं को संभालने के लिए पुतिन को सर्गेई शोइगु पर ज्यादा विश्वास है। वह पुतिन के पुराने करीबी माने जाते हैं।

बता दें कि नए रक्षा मंत्री बेलसाउ को आर्थिक मोर्चे का महारथी माना जाता है। ऐसे में उनको रक्षा मंत्री बनाने के फैसले पर लोग हैरान हैं। बता दें कि रूस यूक्रेन के खिलाफ फरवरी 2022 से जंग लड़ रहा है। रॉयटर्स के मुताबिक मंत्रिमंडल में जो भी बदलाव किए गए हैं उनको संसद में भी स्वीकृति मिलना तय है। वहीं जनरल स्टाफ के चीफ गेरासिमोव और विदेश मंत्री



सर्गेई लावरोव अपने पद पर बने रहेंगे। बता दें कि शोइगु को जो नई भूमिका दी गई है वह रक्षा मंत्री से भी पद में बड़ी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने बताया कि 1980 में सोविय यूनियन का जो हाल हुआ था उसे देखते हुए ये परिवर्तन सही हैं। उस समस सेना और अन्य सुरक्षाबलों पर देश का 7.4 पर्सेंट खर्च होता था। ऐसे में पुतिन चाहते हैं कि कोई आर्थिक समझ रखने वाला व्यक्ति रक्षा मंत्रालय का पदभार संभाले और ज्यादा खर्च को कम करने में मदद करे। पुतिन ने पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल मिशुस्तिन को पुनः देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उनके नाम को मंजूरी के लिए संसद के निचले सदन के पास भेजा है। रूसी कानून के अनुरूप 58 वर्षीय मिशुस्तिन ने मंगलवार को उस वक्त अपने मंत्रिमंडल का इस्तीफा सौंपा जब पुतिन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपना पांचवां कार्यकाल शुरू किया था। मिशुस्तिन पिछले चार वर्ष से प्रधानमंत्री पद पर थे।हालांकि राजनीतिक जानकारों को मिशुस्तिन के पुनः नियुक्त किए जाने की उम्मीद थी। उनका मानना है कि पुतिन को उनका कौशल और सुर्खियों से दूरी पसंद है। रूस की कर सेवा के पूर्व प्रमुख मिशुस्तिन अपने पिछले कार्यकाल के दौरान राजनीतिक बयानबाजियों से दूर थे और मीडिया में साक्षात्कार भी नहीं देते थे।

# भारत से कनाड़ा पहुंचा शख्स करोड़ों डॉलर के सोने की चोरी के मामले एयरपोर्ट से गिरफ्तार

एजेंसी

**ओटावा।** कनाडा के मुख्य एयरपोर्ट पर अचानक से गहमागहमी बढ़ गई. यहां पुलिस की एक टुकड़ी आई और एक भारत से आए एक शख्स को पकड़कर अपने साथ ले गई. भारतीय मूल के इस 36 वर्षीय शख्स की पहचान अर्चित ग्रोवर के रूप में हुई है. फिर पता चला कि ग्रोवर को करोड़ों डॉलर के सोने की चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है, जो कनाडा के इतिहास की सबसे बड़ी चोरी बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार, जांचकर्ताओं ने भारत से आए अर्चित ग्रोवर को 6 मई 2024 को टोरंटो एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया. देश के इतिहास की सबसे बड़ी चोरी के इस मामले में करीब एक महीने पहले भी पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था. पिछले महीने गिरफ्तार लोगों में भारतीय मूल के 54 वर्षीय परमपाल सिद्धू और 40 वर्षीय अमित जलोटा को ओंटारियो से, 43 साल के अम्माद चौधरी, 37 साल के अली रजा और 35 वर्षीय पी परमलिंगम के साथ इस मामले में गिरफ्तार किया गया था।



**बेहद फिल्मी स्टाइल में की चोरी**

सोना और करेंसी नोट स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख से टोरंटो के पियर्सन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक एयर कनाडा की फ्लाइट से पहुंचाई गई और इसके तुरंत बाद कंटेनर को एयरपोर्ट पर एक अलग स्थान पर ले जाया गया, लेकिन एक दिन बाद पुलिस को इसके गायब होने की खबर दी गई थी।

पुलिस ने बताया कि 17 अप्रैल, 2023 को उस कंटेनर को नकली कागजी कार्रवाई का उपयोग करके एक गोदाम से चुरा लिया गया था. इस कंटेनर में दो करोड़ 20 लाख कनाडाई डॉलर से अधिक मूल्य की सोने की छड़ें और विदेशी मुद्रा थी। पुलिस के मुताबिक, बेहद फिल्मी स्टाइल में की गई चोरी की इस घटना में एयर कनाडा के कम से कम दो पूर्व कर्मचारियों ने भी मदद की. इनमें से एक अब हिरासत में है, जबकि दूसरे के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है. वहीं एयर कनाडा के प्रवक्ता पीटर फिट्ज़पैट्रिक ने पुष्टि की कि सिद्धू और पनेसर राष्ट्रीय एयरलाइन में काम करते थे. उन्होंने कहा, 'आज घोषित की गई गिरफ्तारी से पहले एक ने कंपनी छोड़ दी और दूसरे को निलंबित कर दिया गया है।

यहां चोरी के हुए माल में .9999 शुद्ध सोने की 6600 छड़ें थीं, जिनका वजन 400 किलोग्राम था. इनकी कीमत 25 लाख कनाडाई डॉलर (सवा 15 करोड़ रुपये) थी. पुलिस ने इस मामले में बयान जारी कर बताया कि जांचकर्ताओं ने लगभग 89,000 कनाडाई डॉलर कीमत का एक किलो सोना जब्त किया है।

# रूस में इमारत ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हुई

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के बेलगोरोड में आवासीय इमारत के ढहने से मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। यह शहर यूक्रेन की सीमा से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने यह जानकारी



दी। स्थानीय मीडिया ने मंत्रालय के हवाले से कहा, 'नौवां शव बेलगोरोड में इमारत के मलबे से मिला है।' रिपोर्टों में कहा गया था कि बेलगोरोड में यूक्रेन के हमले के बाद 10 मंजिला आवासीय इमारत ढह जाने से 18 लोग लापता हो गए थे। जहां रविवार को बार-बार मिसाइल दागने की चेतावनी जारी की गई थी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने पहले दिन यूक्रेन के छह टोचका-यू मिसाइलों, चार वैम्पायर रॉकेट और दो ओल्खा रॉकेटों को मार गिराया था। मंत्रालय के अनुसार हवा में ध्वस्त की गयी टोचका-यू मिसाइल के टुकड़े बेलगोरोड में आवासीय इमारत में गिरने से दुर्घटना घटी।

# भारत में राजनीतिक दलों को शिक्षा के क्षेत्र पर ध्यान देने की जरूरत : वीआईटी के कुलाधिपति

एजेंसी

**वाशिंगटन।** 'वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' (वीआईटी) के कुलाधिपति गोविंदसामी विश्वनाथन ने कहा कि भारत में राजनीतिक दलों को शिक्षा क्षेत्र पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए क्योंकि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था सीधे तौर पर उसकी शिक्षा से जुड़ी होती है। साथ एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करना बेहद महत्वपूर्ण है, ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का छह प्रतिशत शिक्षा के क्षेत्र में खर्च किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''वर्ष 2023 में भारत की प्रति व्यक्ति आय 2,600 अमेरिकी डॉलर थी। ऐसे राज्य, जहां शिक्षा की स्थिति बेहतर है जैसे दक्षिणी राज्य या पश्चिमी राज्य, इन राज्यों में प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से ऊपर है।'' विश्वनाथन ने कहा, '' दक्षिणी राज्यों में, प्रति व्यक्ति आय 3,500 से 4,000 अमेरिकी डॉलर तक है। इस मामले में केरल पहले स्थान पर, तेलंगाना दूसरे और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर हैज इन सभी राज्यों में प्रति व्यक्ति आय चार हजार अमेरिकी डॉलर के आसपास है। जबकि बिहार और उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 1,000 अमेरिकी डॉलर से कम है क्योंकि ये राज्य शिक्षा में पिछड़े हुए हैं।''

# ब्राजील में भारी बारिश के कारण नदी का स्तर बढ़ा, 20 लाख लोग प्रभावित

एजेंसी

**रियो डी जेनेरियो।** भयंकर बाढ़ के कारण ब्राजील में तबाही मच गई। भारी बारिश के कारण दक्षिणी ब्राजील में नदी का स्तर फिर एक बार बढ़ गया। बाढ़ के कारण अबतक 145 लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण रियो ग्रांडे डो सुल के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो सप्ताह से मूसलाधार बारिश के कारण नदियों का पानी कस्बों और क्षेत्रीय राजधानी के कुछ इलाकों में घुस गया। इस भयंकर तबाही के कारण लगभग 20 लाख लोग प्रभावित हुए। मौसम विशेषज्ञ इस जयवायु परिवर्तन को अल नीनो से जोड़ रहे हैं। राज्य प्रशासन ने बताया कि सभी प्रमुख



नदियों का स्तर बढ़ रहा है। बाढ़ के कारण 132 लोग लापता हो गए, जबकि 619,000 लोगों को अपने घरों को छोड़ कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। बाढ़ग्रस्त इलाकों में बचाव कार्य जारी है। पोर्टो एलेग्रे में बाढ़ के पानी में घरों के सामान जैसे सोफा एवं अन्य चीजों को तैरते हुए देखा गया। साओ लियोपोल्डो में कई सारी कार आधी पानी में डुब गई। 36 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन क्लाउडियो द सिल्वा पड़ोस में स्थिति का जायजा लेने गए।

उन्होंने बताया कि उनका घर पूरी तरह से टूट चुका है। मौजूदा स्थिति पर बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मेरे जीजाजी के घर के बगल वाले घर की दूसरी मंजिल तक पानी भरा हुआ था। पानी का स्तर अब थोड़ा नीचे चला गया है और आप दूसरी मंजिल तक जा सकते हैं, लेकिन सब खराब हो गया।

# पीओके ही नहीं अब ग्वादर में भी बढ़ी पाकिस्तान की मुसीबत, बलूचों की 'बेटी' ने किया जंग का ऐलान

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर इन दिनों पाकिस्तान के लिए गले की हड्डी बन गया है। पीओके के लोगों ने पाकिस्तानी सेना और पुलिस के अत्याचारों से तंग आकर आर-पार की लड़ाई शुरू कर दी है। हालात इतने खराब हैं कि पाकिस्तानी अर्धसैनिक बलों और पुलिस के जवानों को लोग खदेड़कर मार रहे हैं। इस बीच बलूचिस्तान में भी पाकिस्तान के लिए टेंशन बढ़ गई है। बलूच नेता और सामाजिक कार्यकर्ता महरंग बलूच ने ग्वादर बंदरगाह शहर की बाड़बंदी के खिलाफ विरोध करने की कसम खाई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का यह कदम बलूच समुदाय को खदेड़ने के लिए मजबूर करने की रणनीति है, ताकि ग्वादर की जमीन को चीन को सौंपी जा सके। एक्स पर एक बयान में, बलूच नेता महरंग बलूच ने इस मामले पर ग्वादर में बलूच यकजेहत समिति (बीवाईसी) द्वारा विरोध प्रदर्शन आयोजित करने की भी घोषणा की। एक्स पर अपनी पोस्ट में, उन्होंने



लिखा, ग्वादर की बाड़ लगाने की औपनिवेशिक परियोजना चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य ग्वादर की स्थानीय आबादी को बेदखल करना और ग्वादर को चीन को सौंपना है। लेकिन हम, स्थानीय आबादी, किसी भी स्थिति में हमारी भूमि और समुद्र को विदेशियों को नहीं सौंपेगी, न ही हम ऐसी किसी परियोजना को सफल होने देंगे, बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) ग्वादर की बाड़ लगाने के खिलाफ एक प्रतिरोध आंदोलन शुरू कर रही है।

**चीन के खिलाफ भड़का बलूचों का गुस्सा**

पिछले बयान में उन्होंने कहा था, 'विकास और सुरक्षा के नाम पर ग्वादर की बाड़ लगाने और उसे चीन को सौंपने की योजना के खिलाफ हम किसी भी हालत में चुप नहीं रहेंगे, लेकिन हम मजबूत सार्वजनिक प्रतिरोध करेंगे।' महरंग के अलावा, बलूचिस्तान के एक अन्य नेता सम्मी दीन बलूच ने बलूच समुदाय द्वारा लंबे समय से सहन किए जा रहे जबरन गायब होने का मुद्दा उठाया था। अपने बयान में उन्होंने कहा, ÷बलूचिस्तान में लापता लोगों की बरामदगी की मांग को अंतरराष्ट्रीय समर्थन और ध्यान मिल रहा है। जवाबी कार्रवाई में, एक तरफ, पाकिस्तानी प्रशासन ने अपने प्रतिनिधियों द्वारा हम पर की गई क्रूरताओं को सही ठहराने के लिए अपना अभियान शुरू कर दिया है।÷और दूसरी ओर, यह जबरन गायब किए जाने के पूरे मुद्दे को गलत साबित करने और उसे नीचा दिखाने के लिए अपनी पूरी मशीनरी का उपयोग कर रहा है।

**बलूचिस्तान में लोगों का अपहरण बड़ा मुद्दा**

महंग बलूच ने कहा, बलूचिस्तान में, अपहृत व्यक्तियों में से किसी को भी सुनसान स्थानों से अपहरण नहीं किया जाता है। उनका अपहरण आम तौर पर उनके अपने घरों, कार्यालयों, बाजारों और शैक्षणिक संस्थानों से किया जाता है। ज्यादातर समय, इन व्यक्तियों का अपहरण उनके परिवार के सदस्यों के सामने किया जाता है।÷ उन्होंने कहा, ÷ऐसा बहुत कम होता है, लेकिन कभी-कभी, इनमें से कुछ व्यक्तियों को रिहा कर दिया जाता है। उनमें से अधिकांश को मानसिक और शारीरिक यातना दी जाती है। कई अपहृत लोगों के परिवार अभी भी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, और कभी-कभी जो भाग्यशाली लोग वापस लौटते हैं वे पकड़े जाने और प्रताड़ित किए जाने का बयान देते हैं। यहां सवाल सिर्फ यह है कि अगर सभी अपहृत बलूचियां आतंकवादी हैं तो सेना ने जिन्हें रिहा किया, वे कौन हैं? और मीडिया और प्रशासन इन लोगों से यह क्यों नहीं पूछता कि वे कहां थे?

# मालदीव रक्षामंत्री ने कबूली सच्चाई, कहा हमारे पायलट भारतीय डोर्नियर और हेलीकॉप्टर उड़ाने में सक्षम नहीं

एजेंसी

**माले।** मालदीव के रक्षा मंत्री घासन मौमून ने कहा है कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल के पास अभी भी भारत से दान में मिले तीन विमानों को उड़ाने में सक्षम पायलट नहीं हैं। घासन ने कल राष्ट्रपति कार्यालय में मीडिया को विमान संचालन के लिए मालदीव में तैनात 76 भारतीय सैनिकों की वापसी और उनके स्थान पर भारत के नागरिकों को नियुक्त करने के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। इसे मालदीव की सेना की सबसे बड़ी नाकामी के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसे में मालदीव को भारत से मिले हेलीकॉप्टर और डोर्नियर के संचालन पर ग्रहण लग गया है।

**मालदीव के रक्षा मंत्री ने क्या कहा**

एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए, घासन ने कहा कि भारतीय विमानों को चलाने की क्षमता वाला कोई पायलट मालदीव के पास नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ पायलटों को पिछली सरकारों द्वारा किए गए समझौतों के तहत डोर्नियर और दो हेलीकॉप्टरों को उड़ाने का प्रशिक्षण देना शुरू किया



गया था। उन्होंने कहा, चूंकि यह एक प्रशिक्षण था जिसके लिए विभिन्न चरणों को पार करना आवश्यक था, हमारे सैनिक विभिन्न कारणों से पूरा नहीं कर पाए थे। इसलिए, इस समय हमारी सेना में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जिसके पास हेलीकॉप्टर प्लेटफार्मों और डोर्नियर को उड़ाने के लिए लाइसेंस प्राप्त हो या पूरी तरह से परिचालन करने के लायक हों।

**मुइज्जू की पार्टी का झूठ पकड़ा गया**

घासन की टिप्पणियों के विपरीत, जब मुइज्जू सरकार के वरिष्ठ नेता पिछले पांच वर्षों के दौरान विपक्ष में थे, तो उन्होंने पिछली सरकार की आलोचना की थी और दावा किया था कि एमएनडीएफ में सक्षम पायलट थे। पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और अब्दुल्ला यामीन की सरकार के दौरान दान किए गए हेलीकॉप्टर और पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह की सरकार के दौरान लाए गए डोर्नियर विमान से भारतीय सैनिकों के मालदीव आने का मुख्य कारण प्रशिक्षण था।

**भारत से प्रशिक्षण का कोई समझौता नहीं**

आज तक प्रशिक्षण पूरा करने में विफलता के बावजूद, विदेश मंत्री मूसा जमीर ने कल कहा कि भारतीय सैनिकों की जगह नागरिकों को लेने के समझौते में स्थानीय पायलटों को प्रशिक्षण देने के प्रावधान भी शामिल हैं। ऐसे में यह बात साफ है कि भारत से मिले हेलीकॉप्टरों और डोर्नियर को भारतीय पायलट ही उड़ाएंगे, भले ही उनकी कमान मालदीव की सेना के पास हो।

# चीन की धमकी के बाद भारत सहित 26 देश हुए इकट्ठा, करेंगे दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक अभ्यास

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** चीन से उत्पन्न होने वाले कथित खतरों का मुकाबला करने के लिए दुनिया के 26 देश एक साथ आए हैं। ये देश दुनिया के सबसे बड़े नौसैनिक अभ्यास को भी अंजाम देंगे। इस अभ्यास का नाम एक्सरसाइज रिम ऑफ द पैसिफिक है। RIMPAC 2024 का आयोजन इस साल हवाई में हो रहा है। इस अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, कनाडा, चिली, कोलंबिया, डेनमार्क, इक्वाडोर, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इज़राइल, जापान, मलेशिया, मैक्सिको, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पेरू, कोरिया गणराज्य, फिलीपींस, सिंगापुर , श्रीलंका, थाईलैंड, टोंगा, यू.के., और यू.एस की नौसेनाएं शामिल होंगी।

इस साल रिमपैक 2024 की थीम साझेदारः एकीकृत और तैयार है। इसे यह बताने का प्रयास माना जाता है कि रिमपैक न केवल कई देशों को एक साथ लाने के लिए बनाया गया एक अभ्यास है, बल्कि एक ऐसा आयोजन भी है जो अपने प्रतिभागियों को प्रत्येक देश की प्रशिक्षण और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक संबंधों और साझेदारी को विकसित करने का अवसर देता है।

**हर दो साल में आयोजित होता है यह अभ्यास**

RIMPAC समन्वयक रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी लेफ्टिनेंट कमांडर टिमोथी गिल के अनुसार, राष्ट्रों के बीच साझेदारी के साथ जबरदस्त वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, हमारे पास ऐसे और भी राष्ट्र हैं जो हमारे साथ जुड़ना चाहते हैं, हमारे साथ प्रशिक्षण लेना चाहते हैं, और एक इकाई के रूप में सभी देशों के साथ प्रशिक्षण लेना चाहते हैं। हम सभी समुद्री सुरक्षा और संरक्षा के एक ही लक्ष्य पर केंद्रित हैं। रिमपैक, जो हर दो साल में हवाई और उसके आसपास होता है, दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक युद्धाभ्यास माना जाता है।

**चीन के खिलाफ आयोजित होता है रिमपैक अभ्यास**

सेंटर फॉर सिक्योरिटी स्टडीज (सीएसएस) में स्विस और यूरो-अटलांटिक सुरक्षा टीम के वरिष्ठ शोधकर्ता गोराना ग्रिजिक का तर्क है, ÷विभिन्न यूरोपीय देशों ने पहली बार चीन को एक सुरक्षा चुनौती के रूप में पहचाना है। ये देश वैश्विक सुरक्षा को संबोधित करने की तात्कालिकता पर जोर दे रहे हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 14 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# केवल पार्क : भव्य रूप में मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

- दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा, आदर्श नगर की ओर से किया गया आयोजन
- भव्य भजन संध्या में हजारों लोगों ने की शिरकत



















**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा, आदर्श नगर क्षेत्र की ओर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव भव्य रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर में हुआ। मंदिर परिसर की सजावट देखने योग्य थी। पंडाल भव्य रूप में सजाया गया था। भगवान परशुराम जी के दरबार की शोभा भी देखते ही बनती थी। ब्राह्मणों ने भगवान परशुराम जी की विधिवत पूजा अर्चना कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की।

**दो चरणों में हुआ कार्यक्रम:** परशुराम जयंती पर सुबह वैदिक रीति व मंत्रोंचार के साथ हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। यज्ञ पुरोहित आचार्य राजबीर शास्त्री व मुख्य यज्ञमान नवीन त्यागी (मुख्य संरक्षक) ने उपस्थित जनमानस के साथ समाज कल्याण हेतु प्रार्थना की। इस दौरान दर्जनों ब्राह्मण दंपतियों ने हवन में भाग लिया।

**सांध्यकाल में भजन संध्या का हुआ आयोजन:** सांध्यकाल में सभा द्वारा एक विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायक रवि तोमर, पुनीत कुमार और हिमांशी तोमर आदि गायकों ने अपने भजनों से उपस्थित भक्तजनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मनोहर झांकियों से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

**अतिथियों का किया भव्य स्वागत:** कार्यक्रम में अतिथियों का भव्य स्वागत हुआ, जहां दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने अतिथियों का चंदन का तिलक लगाकर और पटका पहनाकर स्वागत किया। इसके उपरांत दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं, आपको बता दें कि भगवान परशुराम का जन्म वैशाख मास की शुक्ल तृतीया को हुआ था। इस दिन अक्षय तृतीया भी मनाई जाती है। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण भगवान परशुराम की शक्ति की क्षति नहीं होती थी।

**27 वर्ष पूर्व रखी गई थी दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा की नींव:** दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा, आदर्श नगर की नींव करीब 27 वर्ष पूर्व स्व. पंडित विजयपाल जी ने रखी थी। उस पौधे को वर्तमान प्रधान अरविंद शर्मा, स्व. राकेश भारद्वाज, सुधीर पाठक, सीपी शर्मा की अगुवाई में विभिन्न बंधुओं ने विशाल वृक्ष के रूप में इसे बड़ा किया।

**लघु पुस्तिक का किया गया लोकार्पण:** अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने बताया कि इस बार कार्यक्रम में भगवान परशुराम जी के ऊपर एक लघु पुस्तिक का भी लोकार्पण किया गया। पुस्तक में भगवान परशुराम जी पर आधारित परशुराम चालीसा व आरती के साथ-साथ उनके जीवन परिचय पर भी प्रकाश डाला गया है। इससे संकीर्ण मानसिकता वाले लोगों द्वारा फैलाई गई भ्रांतियों को दूर करने का एक सफल प्रयास है।

**भगवान परशुराम जी के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प:** मंदिर परिसर भक्तिमय नजर आ रहा था। हर कोई भगवान परशुराम के भजनों पर झूमता नजर आ रहा था। इस मौके पर अतिथियों ने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए समाज में आपसी सद्भाव व भाईचारे को मजबूत करने पर बल दिया।

वहीं, पूर्व सिविल लाईन जोन चेयरमैन नवीन त्यागी ने कहा कि अक्षय तृतीया जैसी पवित्र तिथि के दिन अवतरित हुए भगवान परशुराम जी इस तिथि की महानता के अनुरूप अजर, अमर हैं। गुणों से भरपूर भगवान हमें शिक्षा देते हैं कि सब कुछ चले जाने के बाद हमारे पास ज्ञान शेष रह जाता है। ज्ञान ही वह संपत्ति है, जिसे कोई न तो छीन सकता है, न ही चुरा सकता है। किसी भी विपत्ति में ज्ञान ही हमारा मार्गदर्शन साबित होता है।

वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम किसी वर्ग विशेष के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के है, जिन्होंने मानव धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों का प्रयोग किया। हमें उनके दिखाये मार्गो का अनुपालन करना चाहिए।

वहीं, हरिश भाद्वाज ने कहा कि इस बार परशुराम जयंती केवल ब्राह्मण समाज ही नहीं बल्कि अन्य बिरादरियों के लोगों को भी साथ लेकर मनाई जा रही है। भगवान परशुराम जयंती एक बड़ा धार्मिक महत्व रखती है, क्योंकि यह दिन भगवान श्री परशुराम के जन्म का प्रतीक है। भगवान परशुराम जी का जन्म तृतीया तिथि को प्रदोष काल में हुआ था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उनका जन्म अधर्मी, पापी और क्रूर राजाओं का नाश करने के लिए हुआ था। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने संस्कार, संस्कृति बचाने के लिए भगवान परशुराम के आदर्शों को अंगीकार करना होगा, जिससे कि देश की संस्कृति व शिष्टाचार की शैली बरकरार रह सके।

**भव्य भंडारे का किया गया आयोजन:** भव्य कार्यक्रम के उपरांत भक्तों के बीच विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।


















**पवन शर्मा, विधायक, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र:** भगवान परशुराम किसी वर्ग विशेष के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के है, जिन्होंने मानव धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों का प्रयोग किया। हमें उनके दिखाये मार्गो का अनुपालन करना चाहिए।



**अरविंद शर्मा, अध्यक्ष, दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा, आदर्श नगर :** परशुराम भगवान विष्णु जी के छठे अवतार थे। महर्षि वेदव्यास, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, ऋषि मार्कडेय सहित उन आठ अमर किरदारों में उनकी गिनती होती है, जिन्हें कलियुग तक अमर माना जाता है।



**नवीन त्यागी, मुख्य संरक्षक:** प्रत्येक व्यक्ति को समाज के लिए काम करना चाहिए। भगवान परशुराम जी के पद चिह्नों में चलते हुए मांस-मदिरा व नशे से कोसों दूर रहें। समाज के लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति गरीबों की मदद करे।



**हरीश भारद्वाज, महासचिव:** भगवान विष्णु के छठे स्वरूप परशुराम ने धरती पर राजाओं द्वारा किए जा रहे अधर्म, पाप और जुल्म का विनाश करने के लिए जन्म लिया था। सात चिरंजीवी पुरुषों में से परशुराम एक हैं और वह अभी भी इस धरती पर जीवित हैं।

**रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया समूह संपादक:** भगवान परशुराम जी ने संपूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। हर ब्राह्मण को इस बात का फख है कि वह भगवान परशुराम जी का वंशज है।



**उमेश शर्मा, कोषाध्यक्ष :** न्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की प्रतिमूर्ति महर्षि परशुराम की जयंती मनाई गई। भगवान परशुराम ने संपूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। सभी को परशुराम जयंती की बधाई।



**सुभाष दीक्षित, संरक्षक:** भगवान परशुराम का अवतार पृथ्वी पर अन्याय के प्रति न्याय का प्रतिपादन, दुष्टों का नाश तथा धर्म राज्य की स्थापना करने के लिए हुआ था। भगवान परशुराम के पिता का नाम जमदग्नि और माता का नाम रेणुका था।



**चंद्रशेखर शर्मा:** पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्री नारायण ने अपने छठे अवतार में परशुराम के रूप में अवतार लिया था। इस दौरान उन्होंने अन्याय अत्याचार के खिलाफ अस्त्र-शस्त्र उठाकर 21 बार धरती से आतातायी क्षत्रियों का संहार किया था।

